अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 250 लखनऊ, सोमवार, 30 मार्च 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### मुख्यमंत्री योगी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को देंगे कई सौगातें

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की महिला सशक्तीकरण, बाल विकास और रोजगार सृजन को नई गति देने वाली कई बड़ी पहल का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ मिशन रोजगार के तहत नियुक्ति पत्र भी वितरित किए जाएंगे। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की डॉयरेक्टर सरनीत कौर ब्रोका ने रविवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 30 मार्च को लोकभवन के सभागार में 10 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस वितरित किए जाएंगे। इनमें स्टैडियोमीटर, इन्फैंटोमीटर और मदर एंड चाइल्ड वेटिंग स्केल शामिल हैं। प्रदेश में भर में कुल 1,33,282 स्टैडियोमीटर, 10,553 इन्फैंटोमीटर और 58,237 वेटिंग स्केल वितरित किए जाएंगे, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की निगरानी और अधिक सटीक व प्रभावी हो सकेगी।

### मन की बात: ऊर्ज़ा संकट पर अफवाहों से बचने और एकजुटता का आह्वान

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संघर्ष की वैश्विक स्थिति और ऊर्ज़ा संकट पर चिंता जताते हुए रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम से एक बार फिर देशवासियों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और एकजुटता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के कारण पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। ऐसे समय में अफवाहों से दूर रहना और आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करना जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड में आज उक्त बातें कहीं।

### अमेरिका ने ईरान में 11,000 से ज़्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले किये: सेंटकॉम

वॉशिंगटन। अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान 11,000 से ज़्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले किये है। अमरीकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) यह जानकारी दी है। सेंटकॉम द्वारा एक्स पर पोस्ट की गई जानकारी के अनुसार, अमेरिका ने अब तक 11,000 से ज़्यादा ठिकानों पर हमला किये है, जिसमें 150 से ज़्यादा क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए जहाज़ शामिल हैं। सेंटकॉम ने दावा है कि अमरीकी वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने 11,000 से ज़्यादा उड़ानें भरी हैं। गौरतलब है कि अमेरिका और इज़रायल ने 28 फरवरी को ईरान में ठिकानों पर हमला करना शुरू किया था।

# यूपी बना देश का ग्रोथ इंजन : मुख्यमंत्री योगी

**● लोहिया संस्थान के 665 नर्सिंग अधिकारियों को मिला नियुक्ति पत्र**

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के 665 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों का नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज प्रदेश में पारदर्शी तरीके से नियुक्तियां हो रहीं हैं जबकि वर्ष 2017 से पहले यह संभव नहीं था। पिछले नौ वर्षों में नौ लाख मैनपावर सरकारी सेवाओं में जुड़ी है। ये सभी प्रतिभाशाली और युवा ऊर्ज़ा से भरपूर हैं। इसी का नतीजा है कि जो राज्य पहले बीमारू था, वह आज भारत की इकोनॉमी का ग्रोथ इंजन बन गया है। पहले वेतन देने के लिए पैसे नहीं होते थे, आज यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। आज यूपी देश की टॉप थ्री अर्थव्यवस्था में एक है। वर्ष 2016 की तुलना में आज प्रति व्यक्ति आय तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रतिभा जब भी सम्मानित होगी और उसे प्लेटफार्म मिलेगा, उसका लाभ देश और राज्य को मिलेगा। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए एक-एक स्टेजेस पर शासन द्वारा निगरानी की जाती है। यूपी के नौजवानों के सामने जो पहचान का संकट था, उस पहचान के संकट से वह मुक्त हुआ है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले की सरकारें हॉस्पिटल की बिल्डिंग बनाकर एक दो डॉक्टर नियुक्त करके वाहवाही लूटती थी, जबकि चिकित्सीय सेवा की रीढ़ नर्सिंग स्टाफ होता है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। वर्ष 2017 के पहले मेडिकल कॉलेजों की संख्या भगवान भरोसे थी। वह हमारी सेवाओं पर प्रश्न खड़ा करते हैं, मुझे हंसी आती है। वे सत्ता में रहने के बाद भी कुछ नहीं कर पाए। उस दौरान नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ होती तो आप में से एक भी सेलेक्ट नहीं होता क्योंकि आप में से बहुत सारे लोग ऐसे हैं जिनके मां-बाप के पास पैसा पढ़ाने के लिए है, लेकिन वह अनैतिक तरीके के लिए पैसा नहीं दे सकते और देना भी नहीं चाहिए। पहले की सरकार के दौरान मर चुकी एमएसएमई में आज तीन करोड़ से ज्यादा लोग काम कर रहे हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा अमित घोष, लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, केजीएमयू की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद आदि उपस्थित थे।

### लोहिया संस्थान में अब तक 350 से अधिक सफल रोबोटिक सर्जरी की जा चुकीं

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि लोहिया संस्थान ने काफी कम समय में अपनी इमेज बनाई है। कोरोना के समय एसजीपीजीआई, केजीएमयू और लोहिया संस्थान ने वर्चुअल आईसीयू प्रारंभ किया। यह सभी संस्थान संकट के दौरान खड़े थे और इसलिए सरकार भी इनके साथ हमेशा खड़ी रहती है। आज लोहिया संस्थान ने मॉडर्न हेल्थ केयर का एक अच्छा टर्शियरी सेंटर विकसित किया है। प्रदेश का पहला गामा नाइफ संस्थान में लग गया है। रोबोटिक सर्जरी में अग्रणी स्थान और अब तक 350 से अधिक सफल रोबोटिक सर्जरी की जा चुकी है। नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर पुरुषों के मुकाबले बेटियों ने ज्यादा स्थान प्राप्त किया है। डबल इंजन की सरकार ने बैकबोन की ताकत को पहचाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार 31 नए नर्सिंग कॉलेज चला रही है। सरकार द्वारा हेल्थ के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस उपलब्ध करवा रहे हैं, जिसका काम एसजीपीजीआई में चल रहा है। इसी तरह केजीएमयू में भी तमाम कार्य प्रारंभ हुए हैं।

### कुछ लोग अफवाहें और दुष्प्रचार कर माहौल खराब करना चाहते हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश और दुनिया का हर बड़ा संस्थान ग्रेटर नोएडा आना चाहता है। आज वहां मेडिकल डिवाइस पार्क, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, वर्ल्ड क्लास यूनिवर्सिटीज, टॉय पार्क और अपैरल पार्क बन रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में सेमीकंडक्टर की सबसे बड़ी यूनिट का शिलान्यास किया। इस युग में सेमीकंडक्टर के बगैर पूरी दुनिया एकदम लाचार है, जैसे एक समय तेल के बगैर दुनिया लाचार हो जाती थी, ऐसे ही सेमीकंडक्टर के बगैर दुनिया लाचार हो जाती है, वह अब यूपी के अंदर बनेगा।

# असम में खड़गे ने जारी किए पांच चुनावी गारंटी, भाजपा पर तीखा हमला



एजेंसी

लखीमपुर (असम)। असम में चुनावी सरगर्मी के बीच कांग्रेस ने अपने अभियान को तेज करते हुए नाओबोइचा के खारकाटी (रंगनदी पुल के पास) में एक विशाल जनसभा आयोजित की। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विधानसभा चुनाव के लिए पांच प्रमुख गारंटी की घोषणा की और भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला।

सभा को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस हर महिला को व्यवसाय के लिए बिना शर्त 50 हजार की आर्थिक सहायता देगी, प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा, 10 लाख स्वदेशी लोगों को भूमि पट्टा दिया जाएगा, गायक जुबीन गर्ग से जुड़े मामले में 100 दिनों के भीतर न्याय सुनिश्चित किया जाएगा और वरिष्ठ नागरिकों को 1,250 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह घोषणा पत्र जनता से व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर जनता के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 2021 का चुनाव सर्बानंद सोनोवाल के नाम पर लड़ा गया, लेकिन बाद में उनसे मुख्यमंत्री पद छीन लिया गया।

# राजग की बढ़ती लोकप्रियता केरल में बदलाव का संदेश : मोदी

**● त्रिशूर में पीएम मोदी का मेगा रोड शो : ओपन जीप में साउथ इंडियन लुक ने खींचा भीड़ का ध्यान**

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केरल में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और यह राज्य में बदलाव का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में केरल में राजग की सरकार बनने पर तेज विकास होगा। केरल के पलक्कड़ में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने वाम दलों के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दोनों गठबंधनों को भ्रष्ट और सांप्रदायिक करार देते हुए कहा कि उनकी राजनीति केवल वोटबैंक तक सीमित है और उन्हें राज्य के विकास की चिंता नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा, एलडीएफ और यूडीएफ की नीतियां सिर्फ वोटबैंक पॉलिटिक्स पर आधारित हैं। मैं केरलम की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि राजग की सरकार बनने पर राज्य का तेज विकास होगा। यह मोदी की गारंटी है।ङ्क उन्होंने कहा, ''केरलम लंबे समय से एलडीएफ और यूडीएफ के बीच फंसा हुआ है, लेकिन अब राज्य में बदलाव का माहौल बन रहा है।'' प्रधानमंत्री के अनुसार, राज्य के युवा, महिलाएं और किसान अब भाजपा और राजग के प्रति भरोसा जता रहे हैं, जो एक उभरते जनआंदोलन का रूप ले रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एलडीएफ और यूडीएफ के बीच 'बी टीम' को लेकर चल रही बयानबाजी का जिक्र करते हुए कहा कि इससे साफ होता है कि दोनों ही गठबंधन भाजपा को एक मजबूत विकल्प मानने लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दोनों दल एक-दूसरे के खिलाफ केवल बयान देते हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं करते। राज्य की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल पर पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है, जो पिछले दस वर्षों में तीन गुना हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पैसा सही दिशा में खर्च नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य में राजग की सरकार बनने पर हर रुपये का हिसाब लिया जाएगा।

# बहू पर सास-ससुर के भरण-पोषण का कानूनी दायित्व नहीं : हाईकोर्ट

**● बेटे की मृत्यु के उपरांत कांस्टेबल बहू से गुजारा भत्ता की मांग अस्वीकार**

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। नैतिक दायित्व की अवधारणा भले ही कितनी मजबूत हो, वह किसी वैधानिक आदेश के अभाव में कानूनी दायित्व के रूप में लागू नहीं की जा सकती। यह टिप्पणी करते हुए न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की एकलपीठ ने बहू से भरण पोषण की मांग में दायर ससुर व सास की वह आपराधिक पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी है। जिसमें आगरा की फैमिली कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी।

कोर्ट ने कहा है कि बहू अपने सास-ससुर को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत भरण पोषण भत्ता देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं है। कोर्ट का कहना था कि विधायिका ने अपने विवेक से उक्त प्रावधान के दायरे में सास-ससुर को शामिल नहीं किया है। दूसरे शब्दों में, विधायिका की यह मंशा नहीं है कि उक्त प्रावधान के तहत बहू पर अपने सास-ससुर के प्रति भरण-पोषण का दायित्व डाला जाए। मुकदमे से जुड़े संक्षिप्त तथ्य यह हैं कि याची ने अपने पुत्र प्रवेश कुमार का विवाह 26 अप्रैल 2016 को प्रतिवादी से किया था। प्रतिवादी उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल है। प्रवेश कुमार की 31 मार्च 2021 को मृत्यु हो गई थी। तत्पश्चात उसके पक्ष में देय सारे लाभों का भुगतान पत्नी को हुआ था। कोर्ट ने कहा, पक्षों की दलीलों पर विचार करने और रिकार्ड की जांच करने पर, यह स्वीकृत स्थिति है कि याचीगण, प्रतिवादी संख्या 2 के ससुर और सास हैं। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत संबंधित प्रावधानों) के अंतर्गत भरण-पोषण का दावा करने का अधिकार वैधानिक अधिकार है और यह केवल उन व्यक्तियों की श्रेणियों तक ही सीमित है, जिनका उसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है। प्रश्नगत मामले में रिकार्ड पर ऐसा कुछ भी नहीं है जो यह इंगित करता हो कि बहू को मिली नौकरी अनुकम्पा के आधार पर थी। मृतक की सम्पत्ति के उत्तराधिकार के संबंध में दी गई दलील भी धारा 125 संबंधित प्रावधानों के तहत कार्यवाही में विचारणीय नहीं है।

# पश्चिम एशिया संकट: देश में ईंधन आपूर्ति सामान्य, पर्याप्त स्टॉक

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने के बीच केंद्र सरकार ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। सरकार ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की है।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, देशभर के सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और सभी



रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं। पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। घरेलू मांग को देखते हुए रिफाइनरियों से एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है।

मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। साथ ही घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए डीजल पर 21.5 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया है।

घरेलू पाइप्ड गैस और सीएनजी-ट्रांसपोर्ट के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति जारी है। औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को उनकी औसत खपत का लगभग 80 प्रतिशत गैस मिल रही है, जबकि उर्वरक संयंत्रों को 70 से 75 प्रतिशत आपूर्ति दी जा रही है। आपूर्ति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त एलएनजी और आरएलएनजी की व्यवस्था की जा रही है। मार्च महीने में 2.9 लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं।

# समानता और भाईचारा के लिए अखिलेश यादव ने किया चुनावी शंखनाद

दिनेश दुबे

दादरी/लखनऊ। रविवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लगे यूपी के गौतमबुद्ध नगर जिले के दादरी स्थित मिहिर भोज डिग्री कॉलेज मैदान में पार्टी की बड़ी रैली आयोजित कर सत्तापक्ष में खलबली मचा दी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 32 जिलों की 140 विधानसभा सीटों पर पार्टी की ताकत दिखाने के उद्देश्य से आयोजित हुई रैली में भारी भीड़ उमड़ी। जिसे देखकर सपा प्रमुख काफी उत्साहित दिखे। आगामी विधान सभा चुनाव के लिहाज से बेहद अहम मानी जाने वाली इस रैली से साफ हो गया है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने विधान सभा चुनाव का शंखनाद कर दिया है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा रविवार को दादरी में आयोजित हुई सपा की विशाल रैली में उमड़ी भीड़ को देखकर साफ संकेत मिला कि जिस तरह से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों एवं समाज विरोधी कार्यों का विरोध किया है उससे उनकी राजनैतिक छवि में निखार आया है। केंद्र एवं प्रदेश की सरकार ने जिस तरह से चुनावी वायदों से हटकर जनविरोधी नीतियां अपनाकर समाज में घृणा और नफ़रत का माहौल तैयार किया है उससे जनता में निराशा के साथ ही आक्रोश भी पनपा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को इसका सीधा फायदा मिलता दिख रहा है। रैली में



उमड़ी भारी भीड़ को देखकर अखिलेश यादव ने सीधे सीधे सत्तारूढ़ भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने सरकार बदलने का मन बना लिया है। पीडीए और अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारों से गूंजता हुआ कार्यक्रम स्थल साढ़े ग्यारह बजे से पांच बजे तक पूरी तरह मेले में तब्दील रहा। दोपहर करीब पौने एक बजे लखनऊ से निजी विमान द्वारा कार्यक्रम स्थल पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव विमान से उतरकर सीधे कार्यक्रम स्थल के पास ही स्थित गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के पास पहुंचे और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा कार्यक्रम आयोजक राजकुमार भाटी के साथ मिहिर भोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद सीधे मंच पर पहुंच गए। इस बीच सपा प्रमुख ने रैली स्थल पर उमड़ी भारी भीड़ को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए बीते दिवस जेवरएयर पोर्ट के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में प्रशासनिक दबाव और जबरदस्ती से बुलाई गई भीड़ का हवाला देकर कहाकि इस रैली में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी हम सबकी सामूहिक है। इसलिए रैली में किसी भी तरह की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। जिसे जहां भी स्थान मिले, वो वहीं पर बैठ जाए या फिर खड़ा रहे। आज संपन्न हुई सपा की रैली में पहली बार देखने को मिला कि रैली स्थल पर उमड़ी भीड़ बेहद अनुशासित रही। जिससे एक बार फिर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वर्ष 2011 में भी विधानसभा चुनाव से छः माह पहले प्रदेश की सत्तारूढ़ बसपा सरकार बदलने के लिए अखिलेश यादव ने 12 सितम्बर 2011 को कानपुर से ''क्रांति रथ यात्रा'' की शुरुआत की थी, उस समय भी कार्यकर्ताओं की भीड़ ने अनुशासन का परिचय दिया था। यही नहीं अखिलेश यादव के नेतृत्व में 30 अक्टूबर 2011 को इसी स्थल से मथुरा तक साइकिल यात्रा की गई थी और मार्च 2012 में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में सपा को पूर्ण बहुमत मिला था।

**● सपा की दादरी रैली में उमड़ी अप्रत्याशित भीड़ देखकर गद्गद हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव**

करीब सैकड़ा भर से अधिक पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से खचाखच भरे मंच पहुंचते ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता भाजपा के दोहरे चरित्र से वाकिफ हो चुकी है। सत्ता के लिए देश और समाज को तोड़कर गरीब जनता का खून चूसने वाली भाजपा की विदाई इस बार तय है । उन्होंने भीड़ में शामिल सभी उम्र वर्ग के लोगों का अभिवादन करने के बाद कहा कि समाजवादी पार्टी का शुरुआत से ही साफ कहना है कि वह किसी भी धर्म और वर्ग के साथ ही जाति के खिलाफ नहीं है। समाजवादी पार्टी में सभी धर्मो वर्गों और जातियों का संविधान सम्मत सम्मान सुरक्षित है। समाजवादी पार्टी किसी भी धर्म के देवी देवता अथवा जाति वर्ग के महापुरुष के सम्मान से कभी कोई समझौता नहीं करेगी। देश में अमन चैन होगा तभी देश प्रगति कर पायेगा। सपा प्रमुख ने अफसोस जताते हुए कहा कि देश की जनता अब पूरी तरह समझ चुकी है कि सत्तारूढ़ भाजपा की असलियत क्या है ? भाजपा ने सत्ता सुख के लिए देश की संवैधानिक संस्थाओं को समाप्त कर दिया है। सभी संस्थाओ में संघी साथियों को बिठा रखा है जो देश खोखला कर रहे हैं। देश की जनता का पैसा सरकार अपने पूंजीपति साथियों को बांट रही है। इसलिए जनता को चाहिए कि वो अब भाजपा की विदाई कर दे ।

# मुख्यमंत्री योगी से मिले राज्य विवि कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए जताया आभार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों ने योगी सरकार द्वारा महासंघ के अनुरोध पर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद प्रस्ताव सौंप कर आभार प्रकट किया और इस कल्याणकारी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का नागरिक अभिनंदन करने का अनुरोध पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। इसके साथ महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने लंबित

**● 01 अप्रैल से कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलना शुरू हो जायेगा : डॉ. संजय शुक्ला**

कर्मचारी समस्या पर ध्यान आकृष्ट किया। मुलाकात अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक महौल में संपन्न हुई। महासंघ के अध्यक्ष डॉ. संजय शुक्ला के नेतृत्व में महामंत्री नंदकिशोर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अखिलेश चौधरी, समन्वयक राकेश यादव तथा कोषाध्यक्ष अभिषेक त्रिवेदी प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे। महासंघ के अध्यक्ष डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि महासंघ पदाधिकारियों ने कर्मचारी



हितों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट करते हुए विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। महासंघ पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करते हुए अवकाश नकदीकरण की सुविधा पुनः बहाल करने और विश्वविद्यालयों में 31 दिसंबर 2001 के बाद नियुक्त दैनिक वेतन, संविदा एवं तदर्थ कर्मचारियों को विनियमित किए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षणेतर कर्मचारियों व शिक्षकों को 01 अप्रैल 2026 से कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलना प्रारंभ हो जाएगा। इसका शुभारंभ समारोह पूर्वक किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं लाभार्थियों को कार्ड देकर इस योजना का शुभारंभ करेंगे। डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना एवं आश्वासन दिया कि संबंधित समस्याओं का शीघ्र एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्यों को पारदर्शिता एवं प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। यह मुलाकात न केवल कर्मचारी हितों के लिए महत्वपूर्ण रही, बल्कि भविष्य में सकारात्मक परिणामों की आशा को भी सुदृढ़ करती है। डॉ. संजय शुक्ला ने कहा कि महासंघ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करता है एवं आशा करता है कि उनके कुशल नेतृत्व में सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

# ब्रजेश पाठक ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुनी 'मन की बात'



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को कैंट विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कैंट मंडल एक के बूथ संख्या 162 पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। इस अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महानगर उपाध्यक्ष विनायक पाण्डेय, मान सिंह, रमेश तूफानी व षार्षद ऋचा मिश्रा समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री व विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने लखनऊ महानगर विधानसभा उत्तर के बूथ संख्या 159 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें संस्करण के प्रसारण को कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इसी तरह निरालानगर स्थित भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय पर पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य विनोद पटेल ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात को सुना।

# सीएम योगी के निर्देश पर गन्ना विभाग और यूपीएसआरएलएम के बीच हुआ एमओयू

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और कृषि आधारित गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रविवार को गन्ना विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के बीच हाल ही में एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। अब प्रदेश की 'आधी आबादी' गन्ना उत्पादन, पौध तैयार करने और वैल्यू एडिशन जैसी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएगी। गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. ने बताया कि एमओयू का उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूहों को गन्ना आधारित आजीविका से जोड़ना है। इससे न केवल ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि होगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का भी अवसर मिलेगा। प्रदेश में वर्तमान में लगभग 47.5 लाख गन्ना किसान चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति करते हैं। इसमें करीब 2.95 लाख महिला किसान शामिल हैं। इसके अलावा 57 हजार से अधिक महिला किसान 3,000 से ज्यादा महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गन्ने की उन्नत किस्मों की पौध तैयार करने का कार्य कर रही हैं। ये समूह गन्ने की नई प्रजातियों के तेजी से प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस पहल के तहत महिलाओं को केवल पौध उत्पादन तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें गन्ने से जुड़े अन्य कार्यों जैसे प्रसंस्करण, जैविक उत्पाद निर्माण, गुड़ और अन्य वैल्यू एडेड उत्पादों के निर्माण में भी प्रशिक्षित और प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ महिलाओं के लिए नए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। गन्ना आयुक्त का कहना है कि महिला स्वयं सहायता समूहों को संगठित कर उन्हें गन्ना क्षेत्र में तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इससे वे न केवल अपनी आय बढ़ा सकेंगी, बल्कि कृषि क्षेत्र में नवाचार और उत्पादकता वृद्धि में भी योगदान देंगी। यह पहल गन्ना उत्पादन प्रणाली में एक सकारात्मक बदलाव ला सकती है। महिला समूहों द्वारा तैयार की जा रही उन्नत किस्मों की पौध से गन्ने की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों को बेहतर गुणवत्ता का उत्पादन मिलेगा। साथ ही, वैल्यू एडिशन के जरिए उत्पादों का बाजार मूल्य भी बढ़ेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक समृद्धि आएगी।

# शकुंतला विश्वविद्यालय में एबीवीपी का विरोध, कैंपस में चलाया स्वच्छता अभियान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने रविवार को रविवार परिसर के नाम स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान छात्रों ने परिसर में डस्टबिन की कमी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और विश्वविद्यालय प्रशासन से पर्याप्त कूड़ेदान उपलब्ध कराने की मांग की। अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिसर से कूड़ा-कचरा एकत्रित किया। उन्होंने स्वच्छ परिसर की आवश्यकता पर जोर दिया और बताया कि पर्याप्त कूड़ेदानों की व्यवस्था न होने के कारण स्वच्छता बनाए रखना मुश्किल हो रहा है। विद्यार्थियों ने बताया कि इस समस्या को पहले भी कई बार विश्वविद्यालय प्रशासन के संज्ञान में लाया गया था, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसी के विरोध में परिषद के कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण और प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान एकत्रित किए गए कूड़ा-कचरे को विश्वविद्यालय प्रशासन की श्अमानतश बताते हुए कुलपति और कुलसचिव कार्यालय के समक्ष रखा गया। छात्रों ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य अनादर करना नहीं, बल्कि प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करना है, ताकि उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। छात्रों का कहना है कि यदि परिसर में पर्याप्त डस्टबिन उपलब्ध कराए जाएं, तो स्वच्छता बनाए रखना आसान होगा। परिषद ने उम्मीद जताई कि आगामी सप्ताह तक विश्वविद्यालय प्रशासन इस दिशा में आवश्यक कदम उठाएगा और परिसर में पर्याप्त संख्या में कूड़ेदान की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा।

# ऊर्ज़ा मंत्री ने की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को लखनऊ स्थित संगम सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ स्वीकृत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन एवं विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट और सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिन अधिशासी अधिकारियों (ईओ) एवं परियोजना अधिकारियों (पीओ, डूडा) के स्वीकृत योजनाओं के सापेक्ष विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) समय से तैयार कर शासन को प्रेषित नहीं की जा रही है, उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि सभी नगरीय योजनाएं तय समय सीमा के भीतर धरातल पर उतरें और आम जनता को उनका लाभ शीघ्र प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता या कार्य में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, वंदन योजना, पेयजल योजना, कान्हा गौशाला योजना, उपवन योजना तथा आदर्श नगर पालिका योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। प्रत्येक योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, डीपीआर तैयार करने की प्रगति, वित्तीय स्वीकृति, कार्यारंभ एवं पूर्णता की समयसीमा पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री शर्मा ने निर्देशित किया कि सभी ईओ एवं पीओ (डूडा) अपने-अपने क्षेत्रों में लंबित डीपीआर को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करें और समय से शासन को प्रेषित करें, ताकि स्वीकृत परियोजनाओं पर कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। मंत्री शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी प्रकार की बाधा आने पर उसका त्वरित समाधान किया जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जमीनी स्तर पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आमजन से फीडबैक लिया जाए, जिससे योजनाओं की प्रभावशीलता और बेहतर बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि नगरीय विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और इसके माध्यम से शहरों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसलिए सभी अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस दौरान प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद, सचिव रविंद्र कुमार, विशेष सचिव सत्य प्रकाश पटेल एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पत्नी से हुई कहासुनी, मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र के बगरिया खेड़ा इलाके में शनिवार देर रात एक मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह बेटे ने पिता को कमरे में फंदे से लटका देखा तो परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक, 38 वर्षीय शयान प्रकाश मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। घटना के समय वह घर पर अकेले थे। परिजनों ने बताया कि शनिवार रात वह शराब के नशे में थे और किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह अपने कमरे में चले गए। रविवार सुबह बेटा अनुज जब उन्हें जगाने गया तो अंदर का नजारा देख उसके होश उड़ गए। उसने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची दुबग्गा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में पत्नी कविता, बेटा अनुज और बेटी रुचि रावत हैं।

# भारत सिंह 12वीं बार अध्यक्ष, वशिष्ठ तिवारी महामंत्री बने

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ, लोनिवि, उ.प्र. का प्रान्तीय द्विवार्षिक चुनाव एवं अधिवेशन भारत सिंह प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह कार्यालय प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग परिसर जन भवन (राजभवन) के सामने लखनऊ में चुनाव अधिकारी रामराज दुबे प्रदेश अध्यक्ष उ.प. चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ एवं चुनाव अधिकारी राम लखन सिंह प्रदेश अध्यक्ष कार्यालय प्रमुख अभियन्ता/मुख्य अभियन्ता मिनिस्ट्रीरियल एशोसिऐसन लोनिवि उ.प्र. की देख-रेख में विधि सम्मत ढंग से सम्पन्न हुआ। चुनाव में भारत सिंह बारहवीं बार प्रदेश अध्यक्ष एवं वशिष्ठ नारायण तिवारी को प्रदेश महामंत्री चुना गया। अधिवेशन का उद्घाटन रामराज दुबे और राम लखन सिंह चुनाव अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर विजय कुमार कनौजिया प्रमुख अभियन्ता, परिकल्प/नियोजन, लोनिवि उ.प्र. लखनऊ एवं सुधीर कुमार मुख्य अभियन्ता (मु.-2), , लखनऊ तथा



सुभाष चन्द्रा वरिष्ठ स्टाफ आफीसर ई-3, लखनऊ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। ई. अशोक कुमार द्विवेदी प्रमुख अभियन्ता विकास एवं विभागाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि कर्मचारी विभाग की रीढ की हड्डी है। विभाग कर्मचारियों की समस्याओं के निदान के लिए कटिबद्ध है। निर्वाचन अधिकारी रामराज दुबे ने बताया कि अधिवेशन एवं चुनाव हेतु प्रमुख अभियन्ता व्यवस्थापन 'ग' वर्ग लोनिवि लखनऊ द्वारा अपने पत्र सं.-459 व्यग/01 व्यग (49) 2020 दिनांक 11 मार्च .2026 द्वारा दिये गये विशेष आकस्मिक अवकाश के क्रम में अधिवेशन एवं चुनाव सम्पन्न कराया गया। अधिवेशन की सामान्य सभा में पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज संघ के प्रान्तीय पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को चुनाव अधिकारी द्वारा निर्विरोध निर्वाचित घोषित करते हुए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। नई कार्यकारिणी में शैलेन्द्र कुमार शुक्ला संरक्षक/सलाहकार, भारत सिंह प्रदेश अध्यक्ष, दिलीप सिंह यादव लखनऊ वरिष्ठ उपाध्यक्ष,करूणेश प्रताप सिंह प्रतापगढ़ उपाध्यक्ष, ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, गोरखपुर उपाध्यक्ष, धर्मराज यादव मिर्ज़ापुर उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, प्रयागराज उपाध्यक्ष, वशिष्ठ नारायण तिवारी प्रदेश महामंत्री, लल्लन प्रसाद यादव उपमंत्री लखनऊ अरविन्द कुमार तोमर सहारनपुर प्रदेश संयुक्त मंत्री ओम प्रकाश मौर्य लखनऊ संयुक्त मंत्री, श्रीमती माया देवी लखनऊ संगठन मंत्री (महिला), चन्द्रशेखर यादव वाराणसी संगठन मंत्री पूरन सिंह परिहार झॉसी संगठन मंत्री, शिव सिंह चौहान आगरा कोषाध्यक्ष, राकेश नागर मेरठ सम्प्रेक्षक, अनिल कुमार बस्ती को प्रदेश प्रचार मंत्री चुना गया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में धनंजय मिश्रा, उमाशंकर शुक्ला लखनऊ, ओम प्रकाश यादव अयोध्या, विनोद कुमार गोण्डा, चन्द्रजीत यादव, आजमगढ़ रोहित सिंह, कानपुर, प्रमोद कुमार यादव अलीगढ़, रोहित साहू बरेली, सन्तोष कुमार बॉदा, संदीप जैन, मुरादाबाद चुने गये। इस अवसर पर वीपी मिश्रा, एन.डी. द्विवेदी, हरिकिशोर तिवारी, शशि कुमार मिश्रा, हरिशरण मिश्रा, इं. एच. एन. मिश्रा, इं. सत्येन्द्र त्रिपाठी, स्टेनोग्राफर संघ के विशाल शुक्ला, विजय शंकर मिश्रा, मनीष कुमार शुक्ला, मो. मक्की, प्रमोद कुमार गुप्ता, जीवानन्द, संतराम, पदमनाथ त्रिवेदी, जेपी पाण्डेय, सुरेश सिंह यादव, हरिकेश प्रसाद, अशफाक, कु. अजुंम नकवी, नीतूराय, राम सुरेश यादव, विनोद कुमार आदि अतिथि के रूप में अधिवेशन एवं चुनाव में उपस्थित रहें।

## लेस्बियन का ट्रांसजेंडर पर्सन्स अमेंडमेंट बिल-2026 के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में लेस्बियन (लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, ट्रांसजेंडर, क्वीर, इंटरसेक्सुअल, असेक्सुअल) समुदाय के करीब 500 लोगों ने ट्रांसजेंडर पर्सन्स अमेंडमेंट बिल-2026 के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। 'काला बिल वापस लो', 'मेरी बॉडी, मेरी मर्जी' के नारे लगाए। बेगम हजरत महल पार्क से विधानसभा की ओर बढ़ने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें पार्क के पास ही बैरिकेडिंग कर रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उनका अगला प्रदर्शन 6 अप्रैल को दिल्ली के जंतर-मंतर में होगा। यहां उन्होंने ट्रांस संशोधन बिल का विरोध करते हुए कहा डॉक्टर अगर हमारी जांच कर ट्रांस निर्धारित करेंगे तो किसकी-किसकी जांच करेंगे? सेक्स सबके पास है, फीलिंग अलग-अलग है। हम सेक्स के आधार पर नहीं बल्कि फीलिंग से ट्रांस हैं। ट्रांस बिल में संशोधन को हम नहीं मानते। इसमें कहा गया है कि जो लोग अपनी यौन अभिवृत्ति (सेक्सुअल ओरिएंटेशन) या अपनी पहचान (जेंडर आइडेंटिटी) को खुद महसूस करते हैं, उन्हें ट्रांसजेंडर नहीं माना जाएगा।

# यूपी में विकास अब घोषणा नहीं बल्कि परिणाम है, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बना सबसे जीवंत उदाहरण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और दृढ़ संकल्प से वर्ष 2017 के बाद विकास की जो कहानी लिखी गई, वह अब केवल योजनाओं तक सीमित न रहकर, ज़मीन पर दिखने वाले परिणामों में बदल चुकी है। उत्तर प्रदेश में 'डबल इंजन' सरकार ने बड़े प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास ही नहीं किया, बल्कि तय समय में उनका उद्घाटन कर यह साबित किया कि यूपी में विकास अब घोषणा नहीं, बल्कि परिणाम है। इसका सबसे जीवंत उदाहरण जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन साबित हुआ। इस परियोजना का शिलान्यास 25 नवंबर 2021 को हुआ था और एयरपोर्ट के पहले फ़ेज का उद्घाटन 28 मार्च 2026 को किया गया। यूपी का पांचवां इंटरनेशनल एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर के बढ़ते हवाई यातायात का दबाव कम करने के साथ पश्चिमी यूपी की विकास यात्रा को नए पंख प्रदान करेगा। राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के सफल क्रियान्वयन से आज उत्तर प्रदेश केवल घोषणाओं का नहीं, बल्कि धरातल पर उतरने वाली विकास परियोजनाओं का राज्य बन चुका है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर इसका एकमात्र उदाहरण नहीं है। एविएशन क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नौ वर्षों के शासनकाल में अयोध्या में फरवरी 2022 से बनना शुरू हुआ महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुआ। 30 दिसंबर 2023 में उद्घाटन के बाद इस एयरपोर्ट ने अयोध्या को वैश्विक धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर मजबूती से स्थापित किया। वहीं, प्रदेश के एविएशन सेक्टर में 10 मार्च 2024 की तारीख भी अहम रही, जब एक साथ आजमगढ़, अलीगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद और श्रावस्ती के हवाई अड्डों का उद्घाटन किया गया। इससे प्रदेश की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नई रफ्तार मिली है। सड़क नेटवर्क और



कनेक्टिविटी की बात करें तो सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 14 जुलाई 2018 को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का शिलान्यास हुआ और 16 नवंबर 2021 को इसका उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में बुंदेलखंड जैसे पिछड़े क्षेत्र में आर्थिक बदलाव की नई उम्मीद साबित हुआ। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की आधारशिला फरवरी 2020 में रखी गई थी और जुलाई 2022 में इसे जनता को समर्पित किया गया। प्रदेश में रैपिड रेल और मेट्रो परियोजनाओं की बात करें तो देश की पहली रैपिड रेल नमो भारत, दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस का शिलान्यास 8 मार्च 2019 को हुआ था। इसके पहले खंड का शुभारंभ 2023 में ही हो गया था, जबकि फरवरी 2026 तक यह पूरी तरह संचालित होने लगी है। इसी क्रम में 7 दिसंबर 2020 को आगरा मेट्रो की नींव रखी गई और मार्च 2024 में इसका उद्घाटन हुआ। वहीं, 22 फरवरी 2026 को मेरठ मेट्रो का शुभारंभ हुआ, जिसने शहरी परिवहन को नई पहचान दी। औद्योगिक और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करते हुए वर्ष 2019 में यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) की नींव रखी गई और वर्ष 2023 से इसका संचालन शुरू हो गया। इसके तहत कानपुर में दक्षिण एशिया के सबसे बड़े गोला-बारूद और मिसाइल संयंत्र अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस में फरवरी 2024 से उत्पादन कार्य शुरू हो चुका है। वहीं, प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल प्रोडक्शन यूनिट का उद्घाटन मई-जून 2025 में हुआ। डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में सहायक ग्रेटर नोएडा में संचालित हीरानंदानी ग्रुप का योट्टा डेटा सेंटर डिजिटल सेवाओं और क्लाउड स्टोरेज में एशिया के बड़े डेटा केंद्र के रूप में स्थापित हुआ है। इसका शिलान्यास वर्ष 2019 में किया गया था, जिसमें उत्पादन 2022 में शुरू हो गया था। इसी क्रम में जुलाई 2018 में नोएडा में सैमसंग मोबाइल फैक्ट्री के उद्घाटन से आज यूपी देश में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में नंबर वन बन चुका है। यही नहीं, नोएडा, जेवर में जल्द ही सेमीकंडक्टर फैक्ट्री का उत्पादन शुरू होने वाला है, जो यूपी को सेमीकंडक्टर हब के रूप में नई पहचान प्रदान करेगा, साथ ही आईटी सेक्टर में निवेश और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करेगा।

# नगर निगम की कॉमर्शियल होर्डिंग से वसूली की तैयारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम अमौसी एयरपोर्ट के पास लगे होर्डिंग से विज्ञापन फीस नहीं वसूल रहा है। इससे उसे 3 साल में करीब 45 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। अब इन कॉमर्शियल होर्डिंग से वसूली की तैयारी है। नई विज्ञापन गाइडलाइन आने के बाद अब नगर निगम ऐसी वसूली बढ़ाने की कोशिश में है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने भी इसके लिए निर्देश दिए हैं। एयरपोर्ट के पास ग्राउंड पर लगी होर्डिंग और बैनर से नगर निगम वसूली करेगा। इसको लेकर अधिकारियों की बैठक भी हुई। इसमें नगर आयुक्त गौरव कुमार की तरफ से अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव से कहा गया कि जो ग्राउंड पर होर्डिंग लगी हैं, उनके जिम्मेदारों से वसूली की जाए। इसपर अपर नगर आयुक्त ने हामी भरी है। नगर निगम की तरफ से एयरपोर्ट के पास फिलहाल 13 होर्डिंग लगाए गए हैं। इनसे पिछले तीन साल से वसूली नहीं हो पाई है। वहीं, छत पर और लाइट वाले होर्डिंग लगाने की परमिशन एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्र में नहीं है। इसके एनओसी विमानपत्तन प्राधिकरण की तरफ से दी जानी चाहिए। पिछले दिनों एयरपोर्ट प्रशासन की तरफ से लिखे गए पत्र में होर्डिंग से सुरक्षा की चिंता व्यक्त की गई थी। इसके बाद से अधिकारी इसकी परमिशन देने से किनारा कर रहे हैं, जबकि दावा है कि नियमों के तहत कुछ होर्डिंग को परमिशन दी जा सकती है। इससे नगर निगम को लाखों रुपए की इनकम होगी। आउटडोर एडवरटाइजिंग एसोसिएशन कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक चंद्रा ने बताया कि हम लोग प्राइवेट लैंड पर यूनीपोल बनाते थे। नगर निगम को लेटर देते थे। ये डिमांड में शामिल कर लेते थे।

# गाजू में कृषि गोष्ठी संपन्न, आधुनिक तकनीक से कृषि का सन्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** विकास खंड की ग्रामसभा गाजू गाँव में किसानों को आधुनिक व तकनीकी खेती करने के उद्देश्य से रविवार को कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालामऊ विधायक रामपाल वर्मा सहित कृषि विशेषज्ञ व बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे!

गोष्ठी में कृषि विशेषगयों ने किसानों को उन्नत बीज संतुलित उर्वरक के प्रयोग कीट एवं रोग नियंत्रण के साथ-साथ फसल उत्पाद को बढ़ाने के आधुनिक तरीकों के बारें में विस्तार से समझाया! उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धति खेती करने से कम लागत में अधिक उत्पादन किया जा सकता है! इस दौरान किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजना की जानकारी दी गई! कार्यक्रम में मृदा परीक्षण फसल बीमा और जैविक खेती अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया गया! गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बालामऊ विधायक रामपाल वर्मा ने कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं उनकी समृद्धि ही प्रदेश और राष्ट्र की तरक्की का आधार है सरकार किसानों की आय बढ़ाने का हर संभव प्रयास कर रही है नई तकनीक और आधुनिक खेती अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकते हैँ यहीं वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरुरत है! कार्यक्रम में किसानों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के सुझाव दिए गए! गोष्ठी के आयोजन से किसानों में नई ऊर्जा देखने को मिली और उन्होंने आधुनिक तकनीकों को आपनाने का संकल्प लिया!


कृषि गोष्ठी में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा व अन्य — फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

गोष्ठी में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय शुक्ला नगर पंचायत अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला पंकज मण्डल अध्यक्ष मयंक सिंह महामंत्री अजय बाजपेई पूर्व मण्डल अध्यक्ष नवीन पटेल शिवम् मिश्रा ग्राम प्रधान सुधीर कुमार अलोक सिंह प्रधान मुकेश सिंह निर्भय वर्मा सदाशिव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे!

# रामनवमी के उपलक्ष में रंगारंग जुलूस निकाला गया


सड़कों पर रंग खेलते राम भक्त — फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** रामनवमी के उपलक्ष में परंपरागत रूप से निकाला जाने वाला रंगारंग जुलूस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर के प्रमुख मार्गो से निकाला गया। मां गायत्री मंदिर पर रंगारंग जुलूस का समापन किया। रविवार को शाम ०4:00 बजे बालाजी महाराज सरदारगंज से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रंगारंग जुलूस का शुभारंभ किया गया।

तत्पश्चात यह जुलूस राम वाटिका, चौक, सर्राफा बाजार, घंटाघर, सदर बाजार, बड़ी बाजार, स्टेट बैंक होते हुए मां गायत्री मंदिर दिलेरगंज पहुंचा जहां पर जुलूस का समापन किया गया। जुलूस में युवा एक दूसरे पर पिचकारी से गीला रंग डालकर जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। तिराहों और चौराहों पर युवाओं की टोली रुक कर खूब रंग खेलती और जय श्री राम के नारे लगाते हुए आगे बढ़ जाती। रंगारंग जुलूस में पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।

## आटो में माँ की गोद मे बैठा बच्चा बाइक की टक्कर से सड़क पर गिरा, बच्चे की मौत



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**माधौगंज ( हरदोई )।** ऑटो में माँ की गोद मे बैठा दो बर्षीय बच्चा बाइक की टक्कर लगने से सड़क पर जा गिरने से बच्चे की मौत व बाइक सवार घायल।

थाना बघोली ग्राम पहाड़पुर निवासी शहीद (26) पुत्र बुद्धा नूरबानो (24) पत्नी शहीद हुसैन पुत्र असद (02) को अपने गोद मे लेकर ऑटो से शादी में शामिल होने के लिए बांगरमऊ उन्नाव जा रहे थे। बघोली रोड पर तकिया धरमपुर गांव के निकट सुबह दस बजे आरिफ (20) पुत्र इस्लाम निवासी बदरहिया थाना कोतवाली देहात हरदोई व गेंदा (50) पत्नी इस्लाम बाइक से अपनी रिश्तेदारी ग्राम बजरहिया तकिया धर्मपुर आए थे। गांव के सामने ऑटो में टक्कर होने से नूरबानो का 2 वर्षीय पुत्र असद की ऑटो से गिरकर मृत्यु हो गयी व बाइक चालक व बाइक पर बैठी महिला घायल हो गयी जिन्हें 108 एम्बुलेंस से सीएचसी लाया गया घायलों का प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कालेज हरदोई रिफर कर दिया। थानाध्यक्ष विजयकुमार ने बताया कि घायलों को मेडिकल कालेज हरदोई भेजा गया है वही बच्चे के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बाइक व ऑटो पुलिस के कब्जे में है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## पुरानी रंजिश में तीन भाईयो पर किया जानलेवा हमला

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसा में पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने घर के बाहर बैठे तीन भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में तीनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सिरसा गांव निवासी मोहित पुत्र रघुवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 मार्च की शाम वह अपने भाइयों कर्मवीर और यशवीर के साथ घर के सामने बैठा था। तभी गाँव के ही विजय प्रकाश उर्फ वी०पी० राजीव यादव समेत चार लोग लाठी-डंडे लेकर आए और गाली.गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने तीनों भाइयों को बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू की हैं।

## तीन नामजद परिवारीजनो के खिलाफ चोरी का मुकदमा किया दर्ज

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** विश्वास जब अपनों के हाथों टूटता है, तो घाव गहरा होता है। हरपालपुर थाना क्षेत्र कस्बा निवासी परिवार माता के दर्शन करने गया और पीछे से उनके ही करीबियों ने घर रखे जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद पारिवारिक जनों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित शिवपाल सिंह बीती 25 मार्च को सपरिवार पूर्णगिरी देवी के दर्शन करने गए थे। 27 मार्च की सुबह जब वे वापस लौटेए तो घर के कमरों के ताले टूटे मिले। चोरों ने बक्सों के कुंडे काटकर दो सोने के हार, दो मंगलसूत्र, 8 अंगूठियां, 4 चूड़ियां और दो जोड़ी झाले पार कर दिए। पीड़ित ने अपने ही घर आने-जाने वाले तीन करीबियों वृद्धपाल, मंगल और अनुराग पर चोरी का आरोप लगाया है। हरपालपुर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगो की मौके पर हो गई मौत

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** गुरुवार को कटरा.बिल्हौर हाईवे पर ककरा गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के तीन दिन बाद पुलिस ने अज्ञात कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, ईसेपुर गांव निवासी मोनू (30) अपनी पत्नी नीलम (28) और 10 वर्षीय बेटी लक्ष्मी के साथ गुरुवार की शाम को मोटरसाइकिल से सांडी दवा लेने जा रहे थे। ककरा दूध प्लांट के पास पहुंचे, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक कंटेनर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोनू, नीलम और उनकी बेटी लक्ष्मी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। दुर्घटना में उनकी मोटरसाइकिल भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद चालक कंटेनर लेकर मौके से फरार हो गया था। मृतक मोनू के भाई अनिल कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कंटेनर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि रविवार को मामला दर्ज कर लिया गया है और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही हैं।

## पत्नी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का लगाया आरोप

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** अरवल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए युवक के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, अरवल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है प्राथमिकी में बताया कि लगभग पांच माह पूर्व उसके पत्नी घर वालों को बिना बताए कहीं चली गई। इधर-उधर तथा नाते रिश्तेदारी से पता चला कि उसकी पत्नी को थाना क्षेत्र के बानामऊ गांव निवासी नीरज यादव बहला-फुसलाकर भाग ले गया है। पीड़ित ने पत्नी को बहला-फुसलाकर भाग ले जाने का युवक पर आरोप लगाते हुए थाने पर प्राथमिक की दर्ज करवाई है पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

## सर्राफा कारोबारी का शटर तोड़कर ढाई लाख रुपए का जेवर चोरी

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा तिराहा के पास चोरों ने शनिवार रविवार की मध्य रात्रि करीब ०2:00 बजे खुशी ज्वेलर्स की दुकान के शटर का ताला तोड़कर लगभग ढाई लाख रुपए के जेवर पर


शटर के टूटे ताले — फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

हाथ साफ कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। सुबह खुशी ज्वेलर्स के मालिक अंकुर यादव ने बताया शाम को वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया। सुबह एक ग्राहक को थोड़ा सामान देना था इसलिए लगभग ०6:00 बजे वह अपनी दुकान पर पहुंचा तो उसकी दुकान का ताला टूटा हुआ था और एक शटर उठा हुआ पाया। उसे आभास हो गया कि उसके यहां चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। तत्काल उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। अंकुर यादव ने बताया 200 ग्राम सोना और चांदी सहित लगभग ढाई लाख रुपए का जेवर ले जाने में चोर सफल रहे। 100 मीटर की दूरी पर आसाराम कबाड़ी के यहां भी एक दिन पहले चोरों ने हाथ साफ कर दिया था। चोरी की बढ़ती हुई घटनाओं से व्यापारियों में दहशत व्याप्त है।

## चोरी के कबाड़ सहित चोर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कस्बे के मोहल्ला खेड़ा अजमत में एक कबाड़ की दुकान से चोरी के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को चोरी के कबाड़ के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त विवरण में 28 मार्च को मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निवासी आशाराम पुत्र जगदीश प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी गयी कि उनकी खेड़ा अजमत में कबाड की दुकान है। सूरज कंजड़ पुत्र सर्वेश उर्फ सिट्टा निवासी मोहल्ला खेड़ा बीबीजई सहित उसके साथियों द्वारा दुकान से समान चोरी कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी।सरदार गंज चौकी प्रभारी प्रदीप पाण्डेय और पुलिस बल द्वारा नामजद आरोपी सूरज को चोरी किये गये सामान सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास जारी है।

## झाला नोच कर भागने वाला बदमाश गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली




पुलिस ने 18 फरवरी को बाइक सवार महिला के झाला नोच कर भागने वाले इनामियां बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए बदमाश के पास से लगभग साढ़े छः हजार रुपए की नकदी बरामद हुई है। पाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला पटिया नीम निवासी रंजन कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार के अनुसार 28 फरवरी को शाहाबाद थाना क्षेत्र के आगमपुर के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी पत्नी के कान से झालेले नोच लिए और फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट वादी द्वारा दर्ज कराई गई। इस संबंध में पुलिस ने कई टीमें बनाई और बदमाशों की तलाशी की। पुलिस ने राम प्रताप पुत्र रामपाल निवासी ग्राम पन्योरा कौरिया कलां थाना कांट जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए बदमाश के पास से 6760 की नकदी बरामद हुई। पकड़े गए बदमाश ने 24 नवंबर 2025 को पिहानी में भी एक छिनैती की घटना स्वीकार की है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया पकड़े गए बदमाश को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**आवश्यकता है प्राचार्य व प्रवक्ताओं की**

**श्री रामबक्ष सिंह डिग्री कॉलेज, नरायनपुर, नई बस्ती, पोस्ट-पचदेवरा, हरदोई में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्ग यू0जी0सी0, उत्तर प्रदेश शासन एवं लखनऊ वि0वि0 के मानकानुसार योग्यता व वेतनमान में निम्नलिखित पदों हेतु आवेदन आमंत्रित है-**

**प्राचार्य-01 पद**

**बी0एससी0-** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान में प्रत्येक 02 पद

**बी0ए0-** हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, चित्रकला व गृह विज्ञान में प्रत्येक 01 पद

**इच्छुक अभ्यर्थी समस्त मानकानुसार अभिलेखों सहित आवेदन पत्र विज्ञापन तिथि से 15 दिवस के अन्दर भेजे/जमा करें। सम्पर्क सूत्र-9621469770,**
**Email-rambakshdcha96@gmail.com**

## भक्ति के रंग में रंगा उमरौली, जयकारों के बीच निकली भव्य कलश यात्रा





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** विकास खंड टोडरपुर की ग्राम पंचायत उमरौली में रविवार को भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। पूर्व प्रधान रजनी कांत अग्निहोत्री एवं वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि अवनीश अग्निहोत्री के संयोजन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। गाजे-बाजे और धार्मिक उद्घोष के बीच निकली इस यात्रा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

कथा के प्रथम दिन वृंदावन धाम से पधारे सुप्रसिद्ध आचार्य श्री मौलीकृष्ण जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन संपन्न कराया। विधि-विधान से पूजन के उपरांत मंगल कलश यात्रा को रवाना किया गया। इस दौरान आचार्य जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि कलश यात्रा केवल एक परंपरा नहींए बल्कि शुद्धि का प्रतीक है। इससे समस्त परिवार और पूरे गांव के कष्टों का निवारण होता है और सुख-समृद्धि का वास होता है।कलश यात्रा के दौरान सुरक्षा और उत्साह का अद्भुत नजारा दिखा। यात्रा की मुख्य झलकियां कुछ इस प्रकार रहीं अपार जनसमूह गांव के हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक यात्रा में हिस्सा लिया। मातृशक्ति का पीतांबरी वस्त्र धारण किए, सिर पर मंगल कलश रखे महिलाएं भजन गाते हुए चल रही थीं, जो पूरे मार्ग में आकर्षण का केंद्र रहीं। धार्मिक उद्घोष पूरा गांव जय श्री राधे और जय श्री राम के जयकारों से गुंजायमान रहा। श्रीमद्भागवत कथा के इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। आगामी दिनों में आचार्य जी द्वारा कथा के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा, जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है।

## सवायजपुर के पास भीषण सड़क हादसा, तीन युवकों की मौत, दो गंभीर घायल



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**सवायजपुर ( हरदोई )।** रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में कोहराम मच गया।

बताया जा रहा है कि सवायजपुर क्षेत्र के बंथला गांव निवासी अंकुरए गोविंद, दीपू एक ही बाइक पर सवार होकर गंगा एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड से सवायजपुर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार ईको कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा खितौली रमापुर अंडरपास के पास हुआ। उक्त स्थान पर गत पन्द्रह दिनो में यह तीसरी घटना है जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंकुर, गोविंद और दीपू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य बाइक सवार होरीलाल और ईको कार चालक निहार, निवासी शाहजहांपुर, गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को लेकर सीएचसी सवायजपुर पहुंच जहां चिकित्सको ने उक्त तीनो को मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है और आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में शोक की लहर है।

**सूचना**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै शमा बानो C/o आरिफ, पताः- भदेउरा, भदेउरा, भदेउरा, हरियावाँ, हरदोई उत्तर प्रदेश की निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश रानो दर्ज हो गया है जोकि गलत है। मेरा नाम शमा बानो (Shama bano) है जोकि सही है। मेरा सही नाम आधार कार्ड में दर्ज किया जाना आवश्यक है।**

## सोशल मीडिया पर अंकुश

अमेरिका में लॉस एंजेलिस की एक जूरी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के घातक प्रभावों से त्रस्त एक युवती के पक्ष में सुनाए गए ऐतिहासिक फैसले से दुनिया भर के अभिभावकों को राहत मिली है। दरअसल, सोशल मीडिया की लत लगाने से जुड़े एक मामले में मेटा और यूट्यूब पर 56 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि एक युवती ने मेटा और यूट्यूब पर आरोप लगाया था कि इनकी वजह से उसे सोशल मीडिया की घातक लत लगी। हालांकि, अब तक ये कंपनियां दलील देती रही हैं कि वे मात्र सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हैं और इसकी सामग्री के लिये जिम्मेदार नहीं हैं। लेकिन कोर्ट में वकीलों ने पीड़िता के पक्ष में दलील दी कि जानबूझकर इस तरह के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं ताकि उपयोगकर्ता कथित सोशल मीडिया की लत के शिकार बन जाएं। शुरुआत से पहचान गुप्त रखने वाली बीस वर्षीय युवती केली के वकीलों की दलील को जूरी ने स्वीकार किया कि इस लत से उसकी मानसिक सेहत को नुकसान हुआ है। जूरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की दलीलों को दरकिनार करते हुए मेटा और यूट्यूब पर साठ लाख अमेरिकी डॉलर यानी छप्पन करोड़ रुपये चुकाने का आदेश दिया है। जूरी ने माना कि गूगल तथा मेटा ने इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के संचालन में अपने मुनाफ़े के मद्देनजर अनुचित उपायों का सहारा लिया है। जूरी ने इसे अनैतिक भी बताया। जूरी के निर्णय के अनुसार इस मामले में जुर्माने की सत्तर फीसदी राशि मेटा तथा तीस फीसदी रकम गूगल को चुकानी होगी। उल्लेखनीय है कि पूरी दुनिया में इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के विरुद्ध हजारों मुकदमें चल रहे हैं। जिसमें कई वे लोग भी शामिल हैं जिनके बच्चों ने सोशल मीडिया की लत का शिकार होकर आत्मघाती कदम उठाये हैं। ब्रिटेन समेत कई देशों में अभिभावक इस लत से बच्चों को बचाने के लिये आंदोलन करते रहे हैं। यहीं नहीं, अमेरिका में ही विभिन्न अदालतों में सोशल मीडिया के घातक प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये सैकड़ों मामले चल रहे हैं। विश्वास किया जा रहा है कि इस मुकदमे के फैसले का प्रभाव उन तमाम मामलों में भी पड़ सकता है, जो दुनिया के विभिन्न देशों में चल रहे हैं। हालांकि, दोषी पाये गए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के कर्ताधर्ता इस फैसले से असहमति जताते हुए इसके खिलाफ अपील करने की बात कर रहे हैं। उनकी दलील है कि किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव के अनेक अन्य कारण हो सकते हैं, जिसके लिये सिर्फ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को ही दोषी नहीं ठहराया जा सकता। यूट्यूब के अधिकारियों का कहना है कि ये सोशल मीडिया साइट नहीं, सिर्फ वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है। जबकि पीड़ित युवती के वकीलों की दलील थी कि मेटा आदि कंपनियों ने इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की संरचना ऐसी बनायी है कि किशोरों को इसकी आदत लग जाए। हकीकत ये है कि भारत समेत दुनिया के करोड़ों किशोर इसकी लत के शिकार बन रहे हैं। यही वजह है हफ्तों चले मुकदमे के दौरान बड़ी संख्या में किशोरों के अभिभावक वादी के पक्ष में अदालत के परिसर में मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इस फैसले से पहले न्यू मेक्सिको में एक जूरी ने मेटा को इस बात के लिये जवाबदेह ठहराया कि उसके प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध वयस्कों की सामग्री तक बच्चों की पहुंच बनी है, जिससे उनके जीवन में यौन अपराधियों का खतरा बढ़ गया है। भारत समेत कई विकसित व विकासशील देशों में सोशल मीडिया से बच्चों के जीवन में पड़ने वाले घातक प्रभावों को लेकर चिंता सालों से बनी हुई है। लेकिन देश में इस बाबत कोई नियामक कानून न होने से कोई ठोस कार्रवाई होती नजर नहीं आती। बच्चों की पढ़ाई खराब होने और उनके मानसिक रोगों से ग्रस्त होने की आशंका से अब अभिभावक आक्रोश व्यक्त करने लगे हैं। यही वजह है कि दुनिया के विकसित देशों में इन सोशल मीडिया प्लेटफार्म से बच्चों को दूर रखने के लिए कानून बन रहे हैं। आस्ट्रेलिया के बाद फ्रांस और अब अन्य यूरोपीय देश भी इस दिशा में पहल कर रहे हैं ताकि एक निर्धारित आयु से ऊपर के बच्चे ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक पहुंच बना सकें।

**सोशल मीडिया की लत लगाने से जुड़े एक मामले में मेटा और यूट्यूब पर 56 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि एक युवती ने मेटा और यूट्यूब पर आरोप लगाया था कि इनकी वजह से उसे सोशल मीडिया की घातक लत लगी। हालांकि, अब तक ये कंपनियां दलील देती रही हैं कि वे मात्र सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हैं और इसकी सामग्री के लिये जिम्मेदार नहीं हैं। लेकिन कोर्ट में वकीलों ने पीड़िता के पक्ष में दलील दी कि जानबूझकर इस तरह के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं ताकि उपयोगकर्ता कथित सोशल मीडिया की लत के शिकार बन जाएं। शुरुआत से पहचान गुप्त रखने वाली बीस वर्षीय युवती केली के वकीलों की दलील को जूरी ने स्वीकार किया कि इस लत से उसकी मानसिक सेहत को नुकसान हुआ है।**

## बड़े बैंक, नैतिकता और मूल्यों पर बड़े सवाल

जगदीश रत्नानी

**एसेट्स और मार्केट कैप के मामले में एचडीएफसी भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सेक्टर बैंक है। उदारीकरण के बाद के भारत में खुदरा बैंकिंग परिवर्तन का यह पोस्टर बॉय है। यह एक झटका पूरे बैंकिंग क्षेत्र को हिला सकता है और व्यापक वित्तीय स्थिरता के बारे में सवाल उठा सकता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने श्मजबूत वित्तीय व पेशेवर रूप से संचालित बोर्ड और सक्षम प्रबंधन टीम का हवाला देते हुए बैंक को क्लीन चिट देने में जल्दबाजी की है। समय पर दिया गया यह आश्वासन बाजारों को शांत करता है। परिणामस्वरूप बैंक की सुशासन की प्रतिष्ठा और मूल्यांकन में विश्वास प्रीमियम को भी दर्शाता है।**

किसी बड़े बैंक के चेयरमैन का अचानक इस्तीफा देना साधारण बात नहीं है, खासकर जब उस बैंक को इतना बड़ा कि फ़ेल नहीं हो सकता की श्रेणी में रखा गया हो। और भी ज्यादा असामान्य बात यह है कि इस्तीफ़े के साथ ऐसा पत्र भेजा जाए जो बैंक के मूल्यों और नैतिकता पर सवाल खड़े करता हो लेकिन लगभग पांच वर्षों तक एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन रहे अतानु चक्रवर्ती ने इस महीने की शुरुआत में ठीक यही किया जिससे बाजार, रेगुलेटर और बैंक मैनेजमेंट सभी हिल गए। उन्होंने लिखा-बैंक के भीतर पिछले दो सालों में मैंने जो कुछ घटनाएं और तौर-तरीके देखे हैं, वे मेरे निजी मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं हैं। एसेट्स और मार्केट कैप के मामले में एचडीएफसी भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सेक्टर बैंक है। उदारीकरण के बाद के भारत में खुदरा बैंकिंग परिवर्तन का यह पोस्टर बॉय है। यह एक झटका पूरे बैंकिंग क्षेत्र को हिला सकता है और व्यापक वित्तीय स्थिरता के बारे में सवाल उठा सकता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने श्मजबूत वित्तीय व पेशेवर रूप से संचालित बोर्ड और सक्षम प्रबंधन टीम का हवाला देते हुए बैंक को क्लीन चिट देने में जल्दबाजी की है। समय पर दिया गया यह आश्वासन बाजारों को शांत करता है। परिणामस्वरूप बैंक की सुशासन की प्रतिष्ठा और मूल्यांकन में विश्वास प्रीमियम को भी दर्शाता है। फिर भी, जैसा कि इस्तीफ़े के एक दिन बाद विश्लेषकों के कॉल में पूछे गए सवालों से स्पष्ट था, चिंताएं बनी हुई हैं। हालांकि पूरी जांच के अभाव में बैंक में संभावित मुद्दों के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी लेकिन यह मामला एक बार फिर इस बात पर प्रकाश डालता है कि नैतिकता और सुशासन के मुद्दों पर दशकों से बनी प्रतिष्ठा कुछ ही समय में बुरी तरह क्षतिग्रस्त या टूट सकती है। इस क्षेत्र में एचडीएफसी की प्रमुख स्थिति उदारीकृत अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र की दक्षता के सकारात्मक पहलुओं को दर्शाती है लेकिन इसी प्रमुखता की वजह से बैंक पर और ज्यादा बारीकी से नजर रखने की जरूरत है और इस पर यह जिम्मेदारी भी आ जाती है कि वह पूरी पारदर्शिता के साथ इस बात पर चर्चा करे कि ऐसी चुनौतियां कैसे पैदा होती हैं तथा उनसे कैसे निपटा जा सकता है। इस लिहाज से यह एक निर्णायक मोड़ है जिसके बैंक पर तत्काल प्रभाव पड़ेंगे और मध्यम व दीर्घकालिक रूप से यह पूरे भारतीय कॉर्पोरेट जगत को अपने घेरे में ले लेगा। यह सच है कि एचडीएफसी की साख को पहले ही नुकसान पहुंच चुका है। इसी वजह से कुछ लोगों का कहना है कि चेयरमैन को अपनी चिंताएं साफ-साफ और विस्तार से बतानी चाहिए थीं, न कि सिर्फ अस्पष्ट इशारे करके चले जाना चाहिए था। इस बात में दम है, लेकिन निवर्तमान चेयरमैन के इस कदम का एक और भी बड़ा पहलू यह है कि उन्होंने बेझिझक होकर अपनी चिंताएं लिखित रूप में जाहिर कीं। इस तरह उन्होंने बैंक के कामकाज के कुछ पहलुओं पर फिर से विचार करने के लिए मजबूर किया- खासकर ऐसे माहौल में, जहां इस तरह के मुद्दों पर आम तौर पर खुलकर चर्चा नहीं होती। इसके अलावा एचडीएफसी के मामले को एक व्यापक नजरिए से और प्रशासन-प्रणाली के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। ये प्रणालियां भले ही बेहतर हो रही हैं लेकिन अभी भी उनमें सुधार की काफी गुंजाइश है। यह बात बोर्ड स्तर पर विशेष रूप से लागू होती है जहां डायरेक्टर लोग उतने सवाल नहीं उठाते जितने उन्हें उठाने चाहिए, जहां मतभेद या असहमति को आम तौर पर स्वीकार नहीं किया जाता और जहां मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने के बजाय उन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। यह बात ध्यान देने लायक है कि चेयरमैन के इस्तीफ़े के तुरंत बाद (उससे पहले नहीं) बैंक ने तीन वरिष्ठ कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। खबरों के मुताबिक इन कर्मचारियों को दुबई में बॉन्ड की श्गलत बिक्रीश में उनकी भूमिका के कारण हटाया गया था। मोटे तौर पर घोटालों की एक के बाद एक घटनाओं से भारतीय बैंकों की साख प्रभावित हुई है। इनमें सबसे ताजा और चौंकाने वाला मामला आईएफडीसी फर्स्ट बैंक का है। इस बैंक के कर्मचारियों पर आरोप है कि उन्होंने सामूहिक साजिश रची और हरियाणा सरकार के खाते में 583 करोड़ रुपये का भारी-भरकम घोटाला कर दिया। बैंक ने धोखाधड़ी की पूरी रकम चुका दी है और अब यह मामला सुर्खियों से गायब हो चुका है। इस पर शायद ही कोई सवाल उठाया गया है कि ऐसी धोखाधड़ी की योजना कैसे बनाई गई और उसे किस तरह अंजाम दिया गया। हाल ही में मुख्य रूप से ऑटो-टैक्सी ड्राइवरों और छोटे व्यापारियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बने छोटे श्न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंकश का पतन बैंक के शीर्ष स्तर पर हुई संदिग्ध डीलिंग्स से जुड़ा था। सारस्वत बैंक द्वारा अधिग्रहण किए जाने से स्थिति संभल गई और छोटे जमाकर्ताओं के पैसे सुरक्षित हो गए इसलिए अब इस मामले को लगभग भुला दिया गया है। इसके अलावा कई अन्य बड़े बैंकिंग घोटाले भी हुए हैं- आईसीआईसीआई बैंक में हुए उस चौंकाने वाले घोटाले का जिक्र तो अभी किया ही नहीं गया है जिसकी वजह से उसकी सीईओ चंदा कोचर को 2019 में पद से हटा दिया गया था। इसमें अन्य घोटालों की लंबी फ़ेहरिस्त को भी जोड़ लें (आरबीआई की श्रिपोर्ट ऑन ट्रेंड एंड प्रोग्रेस ऑफ बैंकिंग इन इंडिया, 2024-25 के अनुसार, 2024-25 में सभी घोटालों की कुल राशि 34,771 करोड़ रुपये थी जबकि 2019-20 में यह आंकड़ा 1,54,096 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था) तो इस क्षेत्र पर लोगों का भरोसा एक चिंताजनक मोड़ ले लेता है। एचडीएफसी बैंक का महत्व उसकी उस यात्रा में निहित है जो यह दिखाती है कि अच्छी ग्रोथ और अच्छा गवर्नेंस कैसे साथ-साथ चल सकते हैं। यह कहानी बदली हुई परिस्थितियों में भी तब तक कायम रहेगी जब तक शीर्ष स्तर से मिलने वाले निर्देशों के साथ-साथ जमीनी स्तर पर भी त्वरित कार्रवाई होती रहेगी। निर्देशों का दायरा केवल बोर्ड रूम की दीवारों पर लिखे विजन स्टेटमेंट के नीरस उल्लेखों तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। निर्देशों का वास्तविक अर्थ है- कठिन मुद्दों को सामने लाना और उन पर खुलकर चर्चा करना। भले ही इससे अल्पकाल में कुछ असहजता का सामना करना पड़े लेकिन इसका अंतिम लक्ष्य होना चाहिए उलंघनों पर रोक लगाना, व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना और दीर्घकाल में विश्वास का निर्माण करना। जब बोर्ड कठिन मुद्दों को पूरी गंभीरता से सुलझाने के लिए तत्पर होंगे और जहां आवश्यक हो वहां कठोर कार्रवाई का समर्थन करेंगे तभी निचले स्तर पर कार्यरत लोगों तक सही संदेश पहुंच पाएगा। विकास के पीछे पागलपन की हद तक भागना और लक्ष्य निश्चित करना, यह सब उच्च पदस्थ लोगों के सुर से सुर मिलाने का ही एक हिस्सा है। यह माहौल एक ऐसा जहरीला वातावरण पैदा कर सकता है जिसमें गलत लोग भी अच्छे, बल्कि कहें तो बेहतरीन नतीजे दे सकते हैं। वे भले ही श्स्टार परफॉर्मरश बन जाएं लेकिन ट्रैफिक सिग्नलों को नजरअंदाज कर तेजी से दौड़ने वाली गाड़ी आखिरकार दुर्घटनाग्रस्त हो ही जाती है। इस दुर्घटना का जिम्मेदार कौन है- वह गलत व्यक्ति या फिर वह माहौल जिसने उस गलत व्यक्ति को पैदा किया? इस सवाल का जवाब हमें शासन-प्रशासन की उन जटिलताओं की ओर इशारा करता है जहां आज के दौर में आंकड़ों में विकास ही सफलता का एकमात्र पैमाना बन चुका है।

## संकट के दौर में वैश्विक पर्यटन उद्योग

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**युद्ध के चलते हालात ऐसे हो गए हैं कि चाह कर भी पर्यटक घूमने का रुख नहीं कर पा रहे हैं। केवल और केवल ट्रंप के दादागिरी के चलते दुनिया के देशों की जीडीपी में करीब 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी निभाने वाला पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। होटल और ट्रैवल उद्योग से जुड़ी एजेंसियों के सामने बड़ा संकट आ गया है तो दुनिया के देशों और संस्कृतियों से जुड़ने और समझ कर एक-दूसरे के नजदीक आने की जो पहल पर्यटन उद्योग के चलते हुई थी उस पर लगभग विराम के हालात होते जा रहे हैं। 10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक का पर्यटन उद्योग आज संकट के दौर में आ गया है। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो थाईलैंड की अर्थव्यवस्था में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी पर्यटन उद्योग की है और वह लगातार दूसरे साल गंभीर संकट के दौर में आ गई है। जैसे-तैसे पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हजार डॉलर प्रतिदिन के लग्जरी कमरों की कीमत घटकर 300 डॉलर तक कर देने के बाद भी पर्यटक रुख नहीं कर रहे हैं।**

अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के साइड इफ़ेक्ट के रुप में दुनिया का पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। एक अनुमान के अनुसार 152 करोड़ पर्यटकों से गुलजार रहने वाले वैश्विक पर्यटन उद्योग के मौजूदा हालात के चलते अतिमंदी के दौर से गुजरने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। वैसे तो सभी देशों में पर्यटन उद्योग पर विपरीत असर पड़ने जा रहा है पर सबसे अधिक असर मध्य पूर्व के देशों में देखा जा सकता है। जानकारों के अनुसार अकेले मध्य पूर्व को ही 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान भुगतना पड़ सकता है। दुनिया में सबसे अधिक पर्यटक फ्रांस की धरती पर जाते हैं और माना जाता है कि 9 से 10 करोड़ पर्यटक तो फ्रांस का रुख करते हैं। जहां तक भारत का प्रश्न है, हमारे यहां भी लगभग 2 करोड़ विदेशी पर्यटक देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का रुख करते हैं। पर मौजूदा हालात के चलते विश्व के अन्य देशों की तरह भारत में भी विदेशी पर्यटकों की आवाजाही पर विपरीत प्रभाव पड़ना ही है। एक सकारात्मक पक्ष यह देखा जा सकता है कि भारत और दुनिया के देशों में देशी पर्यटकों की संख्या में उछाल के चलते इस उद्योग को संजीवनी अवश्य मिलती लगती है। वर्तमान दौर में दुनिया के चौधरी बने देशों को यह समझ लेना चाहिए कि अब वह जमाना गया जब हफ्ते दो हफ्ते में युद्ध का फैसला हो जाया करता था। आज छोटे-से छोटा देश भी युद्ध को लंबा खींचने की कूवत रखता है। इसे हम रुस-यूक्रेन युद्ध से अच्छी तरह से समझ सकते हैं। अमेरिका ने भी जब ईरान पर आक्रमण किया तो ट्रंप भी इसी मुगालते में थे कि दो-चार दिन में ईरान के घुटने टिकवा देंगे पर सारे कयास धरे के धरे रह गए और इनके चक्कर में दुनिया अस्थिरता और संकट में और आ गई। आज हालात यह हो गए हैं कि युद्ध तो आप शुरु कर सकते हैं पर युद्ध शुरु होने के बाद कब बंद होगा यह आपके हाथ में नहीं रहेगा। युद्ध के चलते हालात ऐसे हो गए हैं कि चाह कर भी पर्यटक घूमने का रुख नहीं कर पा रहे हैं। केवल और केवल ट्रंप के दादागिरी के चलते दुनिया के देशों की जीडीपी में करीब 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी निभाने वाला पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। होटल और ट्रैवल उद्योग से जुड़ी एजेंसियों के सामने बड़ा संकट आ गया है तो दुनिया के देशों और संस्कृतियों से जुड़ने और समझ कर एक-दूसरे के नजदीक आने की जो पहल पर्यटन उद्योग के चलते हुई थी उस पर लगभग विराम के हालात होते जा रहे हैं। 10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक का पर्यटन उद्योग आज संकट के दौर में आ गया है। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो थाईलैंड की अर्थव्यवस्था में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी पर्यटन उद्योग की है और वह लगातार दूसरे साल गंभीर संकट के दौर में आ गई है। जैसे-तैसे पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हजार डॉलर प्रतिदिन के लग्जरी कमरों की कीमत घटकर 300 डॉलर तक कर देने के बाद भी पर्यटक रुख नहीं कर रहे हैं। हालात विकट होते जा रहे हैं। दरअसल वैश्विक हालात के चलते एक ओर उड़ानें रद्द होती जा रही है तो युद्ध के चलते लोगों में असुरक्षा की भावना घर कर रही है। ऐसी आशंका होती है कि कब कहां क्या हो जाए और कहीं जाएं वहीं पर बंद होकर न रह जाएं। मध्य-पूर्व के देशों में तो लगभग यही हालात है। कब किस देश और किस स्थान पर मिसाइल अटैक हो जाए, कहा नहीं जा सकता। क्योंकि अमेरिका-इजरायल व ईरान युद्ध की खास नकारात्मक बात यह है कि इन दो देशों पर मिसाइल अटैक नहीं हो रहे बल्कि इनसे थोड़ी भी सहानुभूति रखने वाले देश कब निशाने पर आ जाएं, कहा नहीं जा सकता। मध्य-पूर्व में मिसाइल अटैक और हार्मुज जलडमरुमध्य के हालात इसके उदाहरण हैं। हालात तो यहां तक खराब होने की आशंका है कि मध्य-पूर्व के देशों में पानी का गंभीर संकट हो सकता है। आज कच्चा तेल, एलपीजी की ही समस्या नहीं अपितु दुनिया को जोड़ने वाले इंटरनेट के बाधित होने की आशंकाओं को भी नकारा नहीं जा सकता। लगता है एक-दूसरे के अहम् के चलते आम आदमी कहीं हाशिये में चला गया है। युद्ध के सामान्य नियम ताक में रख दिए गए हैं और आम नागरिकों, बच्चों, अस्पतालों, घनी आबादी इलाकों में भी मिसाइल दागने से कोई परहेज नहीं रह गया है। कोरोना के दौरान जिस तरह पर्यटन उद्योग प्रभावित हुआ था आज उसी तरह के हालात बनते दिख रहे हैं। कोरोना के बाद पिछले सालों में पर्यटन उद्योग ने तेजी पकड़ी थी और लगने लगा था कि 2030 तक पर्यटन उद्योग को जबरदस्त बूस्ट मिलेगा पर अब हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं और लगता नहीं है कि आने वाले दिनों में कोई सुधार दिखाई देगा। हालांकि सकारात्मक पक्ष यह देखा जा सकता है कि भारत सहित विश्व के देशों में देशी पर्यटन को अवश्य बढ़ावा मिलने लगा है। लोग अपने ही देश में आसपास के स्थानों को एक्सप्लोर करने लगे हैं। वर्तमान हालात पर्यटन उद्योग के लिए बेहद चुनौती भरा है, जिसके सामान्य होने के आसार दूर-दूर तक नहीं हैं।

## बीमा सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफ़े का जाल

ललित गर्ग

**विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावे हर वर्ष खारिज कर दिए जाते हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि बीमा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। अक्सर देखा गया है कि पॉलिसी लेते समय ग्राहकों को शर्तों की पूरी जानकारी नहीं दी जाती। जटिल भाषा में लिखे गए नियम और शर्तें आम व्यक्ति की समझ से बाहर होती हैं। परिणामस्वरूप, जब दावा प्रस्तुत किया जाता है, तो उन्हीं शर्तों को आधार बनाकर भुगतान रोक दिया जाता है। इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच संभावित गठजोड़ भी है।**

बीमा का मूल उद्देश्य जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करना है। यह व्यवस्था व्यक्ति को बीमारी, दुर्घटना या अन्य संकटों के समय आर्थिक सहारा देती है। परंतु आज के दौर में यह व्यवस्था अपने मूल उद्देश्य से भटकती हुई दिखाई दे रही है। विशेषकर स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में जो जटिलताएं, अपारदर्शिता और मनमानी देखने को मिल रही है, उसने आमजन के विश्वास को गहरी चोट पहुंचाई है। बीमा, जो सुरक्षा का माध्यम होना चाहिए था, वह कई बार शोषण का उपकरण बनता जा रहा है। वर्तमान समय में चिकित्सा सेवाओं की लागत अत्यधिक बढ़ चुकी है। निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च लाखों में पहुंच जाता है। सरकार के द्वारा रियायती मूल्यों पर उपलब्ध कराई भूमि पर बने अस्पताल आज गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य बीमा एक आवश्यक सुरक्षा कवच के रूप में उभरता है। बीमा कंपनियां भी इसी भय और भविष्य की अनिश्चितता का उपयोग कर लोगों को पॉलिसी खरीदने के लिए प्रेरित करती हैं। लेकिन वास्तविक समस्या तब सामने आती है जब बीमा धारक को उसकी जरूरत होती है। दावों के निपटान के समय कंपनियां अनेक तकनीकी कारणों, शर्तों और अपवादों का हवाला देकर भुगतान से बचने का प्रयास करती हैं। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावे हर वर्ष खारिज कर दिए जाते हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि बीमा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। अक्सर देखा गया है कि पॉलिसी लेते समय ग्राहकों को शर्तों की पूरी जानकारी नहीं दी जाती। जटिल भाषा में लिखे गए नियम और शर्तें आम व्यक्ति की समझ से बाहर होती हैं। परिणामस्वरूप, जब दावा प्रस्तुत किया जाता है, तो उन्हीं शर्तों को आधार बनाकर भुगतान रोक दिया जाता है। इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच संभावित गठजोड़ भी है। कई मामलों में अस्पताल अत्यधिक बिलिंग करते हैं और बीमा कंपनियां कम भुगतान करती हैं, जिससे मरीज को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। यह स्थिति विशेष रूप से मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत पीड़ादायक होती है। कई बार तो ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जहां अस्पताल बकाया राशि के कारण मरीज के शव को तक रोक लेते हैं, जो मानवीय संवेदनाओं के विरुद्ध है। यदि हम विकसित देशों की तुलना करें, तो वहां बीमा प्रणाली अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी है। दावों का निपटान समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से किया जाता है। भारत में भी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) जैसे नियामक संस्थान मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य बीमा क्षेत्र को नियंत्रित और संतुलित करना है। लेकिन व्यावहारिक स्तर पर इनकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठते रहे हैं। नियामक तंत्र की निष्क्रियता या सीमित हस्तक्षेप के कारण बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए सबसे पहले बीमा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। पॉलिसी दस्तावेजों को आम भाषा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि एक सामान्य व्यक्ति भी उसकी शर्तों को समझ सके। इसके साथ ही, बीमा एजेंटों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए कि वे ग्राहकों को पूरी और सही जानकारी दें। गलत जानकारी देकर पॉलिसी बेचने पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। दूसरा महत्वपूर्ण कदम है-दावा निपटान प्रक्रिया का सरलीकरण। बीमा दावों के लिए एक मानकीकृत और समयबद्ध प्रक्रिया लागू की जानी चाहिए। यदि कोई दावा खारिज किया जाता है, तो उसके स्पष्ट और उचित कारण बताए जाएं। इसके लिए एक स्वतंत्र अपीलीय तंत्र भी होना चाहिए, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सके और उसे त्वरित न्याय मिल सके। तीसरा, अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच पारदर्शिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उपचार की लागत को नियंत्रित करने के लिए एक मानक दर प्रणाली लागू की जा सकती है। इससे अनावश्यक बिलिंग और वित्तीय शोषण पर रोक लगेगी। साथ ही, कैशलेस उपचार की सुविधा को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाया जाना चाहिए ताकि मरीज को तत्काल आर्थिक राहत मिल सके। चौथा, सरकार को इस क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। एक राष्ट्रीय स्तर की निगरानी प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए, जो बीमा कंपनियों और अस्पतालों की गतिविधियों पर नजर रखे। समय-समय पर ऑडिट और जांच के माध्यम से अनियमितताओं को उजागर किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पांचवां, बीमा साक्षरता को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बीमा की शर्तों, अधिकारों और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। विशेष रूप से गरीब और अशिक्षित वर्ग के लिए सरल मार्गदर्शिका और सहायता केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। निश्चित तौर पर बीमा व्यवसाय को केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा जाना चाहिए। जब तक इस क्षेत्र में नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक आमजन का विश्वास बहाल नहीं हो सकता। आज आवश्यकता इस बात की है कि बीमा प्रणाली को पुनर्गठित कर उसे जनहितकारी बनाया जाए। सरल प्रक्रियाएं, स्पष्ट नियम, सशक्त नियामक तंत्र और जागरूक उपभोक्ता-ये चार स्तंभ ही बीमा क्षेत्र को उसकी वास्तविक दिशा में ले जा सकते हैं। यदि समय रहते इन सुधारों को लागू नहीं किया गया, तो बीमा का यह महत्वपूर्ण साधन आम आदमी के लिए सुरक्षा के बजाय संकट का कारण बना रहेगा। चिकित्सा और बीमा-दोनों ही ऐसे क्षेत्र हैं जो मूलतः मानव जीवन की सुरक्षा, राहत और सेवा से जुड़े हुए माने जाते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि आज ये दोनों क्षेत्र आमजन के लिए सबसे अधिक जटिल, महंगे और अविश्वसनीय होते जा रहे हैं। एक ओर रियायती जमीन पर बने निजी अस्पताल गरीबों को मुफ्त इलाज देने के अपने दायित्व से बचते नजर आते हैं, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य बीमा के नाम पर बीमा कंपनियां ऐसी शर्तें और प्रक्रियाएं थोप देती हैं कि जरूरत के समय मरीज को बीमा का लाभ मिलना कठिन हो जाता है। यह स्थिति केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि संवेदनहीन व्यवस्था का प्रतीक बनती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के रियायती जमीन पर बने अस्पतालों को नोटिस जारी करना केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि व्यवस्था को आईना दिखाने जैसा है। जब अस्पताल रियायती जमीन लेते समय गरीबों के इलाज का वायदा करते हैं, तो वह केवल कागजी औपचारिकता नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व होता है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि लाभ तो निजी अस्पताल उठा रहे हैं और दायित्व निभाने से बच रहे हैं। यही स्थिति बीमा क्षेत्र में भी दिखाई देती है, जहां पॉलिसी बेचते समय बड़े-बड़े वायदे किए जाते हैं, लेकिन क्लेम के समय छोटी-छोटी तकनीकी वजहों से दावे खारिज कर दिए जाते हैं। आम आदमी सालों तक प्रीमियम भरता रहता है, लेकिन जरूरत के समय उसे राहत नहीं मिलती। इस स्थिति में सुप्रीम कोर्ट की सक्रियता एक सकारात्मक संकेत है। जिस प्रकार अदालत ने अस्पतालों से जवाब मांगा है, उसी प्रकार बीमा कंपनियों की कार्यप्रणाली पर भी सख्त निगरानी और स्पष्ट नियम बनने चाहिए, ताकि बीमा वास्तव में सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफ़े का जाल। सरकारों की जिम्मेदारी केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनके क्रियान्वयन की सख्त निगरानी भी होनी चाहिए। यदि रियायती जमीन लेने वाले अस्पताल गरीबों का मुफ्त इलाज नहीं करते तो उनसे जमीन का बाजार मूल्य वसूला जाना चाहिए या उनकी मान्यता पर पुनर्विचार होना चाहिए। इसी तरह बीमा कंपनियों को भी क्लेम प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनानी चाहिए। स्वास्थ्य और बीमा दोनों ही आम आदमी की जीवन सुरक्षा से जुड़े विषय हैं, इसलिए इनमें मुनाफाखोरी की मानसिकता पर नियंत्रण आवश्यक है। यदि सरकार, न्यायपालिका और नियामक संस्थाएं मिलकर सख्ती और पारदर्शिता सुनिश्चित करें, तो चिकित्सा और बीमा दोनों क्षेत्रों में आमजन का विश्वास फिर से स्थापित हो सकता है। अन्यथा सेवा के ये क्षेत्र केवल व्यवसाय बनकर रह जाएंगे और गरीब आदमी इलाज और बीमा दोनों के बीच पिसता रहेगा।

# औरास के रामपुर गढ़ौवा विद्यालय में एआरपी का निरीक्षण, बच्चों की प्रतिभा सराही

- व्याकरण व विज्ञान गतिविधियों पर विशेष जोर, एलबीडी पद्धति को बताया प्रभावी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। विकासखंड औरास के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में एआरपी राम मिलन ने सपोर्टिव सुपरविजन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के शैक्षिक, भौतिक व सह-पाठ्यक्रमीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा के निर्देशन में बच्चों द्वारा प्रस्तुत गतिविधियों को देखकर वे संतुष्ट नजर आए।

कक्षा 6 व 8 के विद्यार्थियों से विषय आधारित प्रश्न पूछे गए। कुछ बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिए, जबकि कुछ को कठिनाई हुई। इस पर एआरपी ने शिक्षकों को नियमित अभ्यास व विषय की गहराई पर कार्य करने के निर्देश दिए। हिंदी व्याकरण के अंतर्गत संज्ञा व सर्वनाम पर भी उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया।

निरीक्षण के दौरान एआरपी राम मिलन ने कहा, "जहां शिक्षक का समर्पण और बच्चों की जिज्ञासा मिलती है, वहीं शिक्षा का वास्तविक प्रकाश जन्म लेता है।"

विज्ञान कक्ष में बच्चों द्वारा तैयार प्रोजेक्ट्स व प्रयोगों को देखकर एआरपी ने सराहना की। एलबीडी (लर्निंग बाय डूइंग) के तहत बच्चों की समझ को प्रभावी बताया। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं खुशी, उपासना, पायल व नैना को नोटबुक व पेन देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर प्रदीप कुमार वर्मा ने बच्चों को अनुशासन व निरंतर अभ्यास के लिए प्रेरित किया।

परीक्षा के बाद कम छात्र उपस्थिति पर चिंता जताते हुए एआरपी ने अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाने व घर पर अध्ययन समय बढ़ाने के निर्देश दिए। विद्यालय की सुसज्जित दीवारें, स्वच्छ कक्षाएं व एकरूप गणवेश व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे आदर्श विद्यालय की श्रेणी में बताया। बच्चों से तालियां बजवाकर उनमें आत्मविश्वास भी जगाया।

मध्याह्न भोजन का स्वाद चखकर उन्होंने गुणवत्ता को संतोषजनक बताया। साथ ही जिलाधिकारी के संभावित आगमन को लेकर विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान शशी देवी, शाहे खुबा, इंद्रपाल व शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## मन की बात में पीएम ने जागरूक होकर अफवाहों से दूर रहने का दिया संदेश

बांदा। पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 132वें संस्करण को जल शक्ति राज्यमंत्री व सदर विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले के सभी 1518 बूथों में सुना। इस दौरान पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से पीएम की बातों को सुनते हुए एकजुट व जागरूक होकर अफवाहों से दूर रहने का संकल्प लिया। शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर रविवार को जिले के सभी 1518 बूथों में पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 132वें संस्करण को लेकर पहले से ही भाजपाइयों ने तैयारियां पूरी कर ली थीं। जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने तिंदवारी विधान सभा क्षेत्र के पैलानी डेरा स्थित बूथ और सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने सदर विधान सभा क्षेत्र के खुरहंड स्थित बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के संस्करण को सुनकर आत्मसात करने का संकल्प लिया। नरैनी विधायक ओममणि वर्मा ने नरैनी स्थित बूथ और भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शहर के बलखंडी नाका स्थित बूथ नंबर 145 में में मन की बात सुनी।

# शॉर्ट सर्किट से गारमेंट्स की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। सीसामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत पी रोड स्थित एक गारमेंट्स की दुकान में शॉर्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।

पी रोड पर नवीन कुकरेजा की दीप गारमेंट्स नाम से दुकान है। उसी भवन के ऊपरी हिस्से में भवन स्वामी संजय कुमार पांडेय अपने परिवार के साथ रहते हैं। रविवार को अचानक शॉर्ट सर्किट के चलते दुकान में आग लग गई, जो देखते ही देखते तेजी से फैलती चली गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास के व्यापारियों में हड़कंप मच गया और बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना के दौरान भवन के ऊपरी हिस्से में मौजूद परिवार के चार लोगों ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। आग की लपटें पास की कंबल की दुकान तक पहुंचने लगीं, जिसके चलते एहतियातन उस दुकान को भी तुरंत खाली करा लिया गया, ताकि कोई बड़ी अनहोनी न हो सके।

सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आसपास की दुकानों को सुरक्षित किया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम को मौके पर रवाना कर दिया गया था और समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया। उन्होंने बताया कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया है।

# परियर में धूमधाम से हुआ धनुष यज्ञ राम-परशुराम संवाद ने बांधा समा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

परियर। सदर तहसील के ग्राम पंचायत परियर स्थित बुढ़िया माता मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धनुष यज्ञ का आयोजन किया गया। यह स्थल पूर्वजों से जुड़ा हुआ है, जहां बुढ़िया माता मंदिर प्राचीन समय से स्थापित है। आयोजित रामलीला में धनुष यज्ञ प्रसंग का आकर्षक और जीवंत मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक के सुपुत्र प्रखर गुप्ता द्वारा किया गया। मंचन के दौरान भगवान श्रीराम द्वारा शिव के दिव्य धनुष को उठाकर तोड़ने का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर उपस्थित दर्शक भावविभोर हो उठे।

धनुष यज्ञ में सीता स्वयंवर का प्रसंग भी दर्शाया गया, जिसमें राजा जनक की शर्त के अनुसार भगवान राम ने शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाकर उसे भंग किया। अनेक राजा और महारथी प्रयास के बावजूद धनुष को हिला तक नहीं सके, जिससे उसकी अलौकिक शक्ति का प्रभाव स्पष्ट हुआ। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से श्रीराम द्वारा धनुष भंग करते ही मंचन स्थल जय-जयकार से गूंज उठा। धनुष टूटने की गर्जना के बाद भगवान परशुराम के आगमन और राम-परशुराम संवाद का प्रभावशाली मंचन किया गया, जो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान श्रीराम की विनम्रता और परशुराम के तेज का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं व्यवस्था संदीप अवस्थी और विनय अवस्थी द्वारा की गई। इस अवसर पर कृष्ण कुमार दीक्षित, सविनय अवस्थी, प्रेम शंकर अवस्थी, बद्री अवस्थी, वैभव अवस्थी, किशोर अवस्थी, सुरेश मिश्रा, मोनू मिश्रा, प्रदीप गौतम सहित क्षेत्र के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## बाबतपुर एयरपोर्ट पर विमान के लैंडिंग के समय यात्री ने इमरजेंसी गेट खोलने का किया प्रयास, हड़कम्प

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार देर शाम एक इंडिगो विमान की लैंडिंग के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक यात्री ने उड़ान के इमरजेंसी एग्जिट गेट को खोलने का प्रयास किया। सतर्क केबिन क्रू की सूझबूझ से स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया गया और बड़ी दुर्घटना टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई 185 बेंगलुरु से वाराणसी आ रही थी। विमान जब बाबतपुर एयरपोर्ट के ऊपर लैंडिंग के लिए चक्कर लगा रहा था, उसी दौरान मऊ निवासी यात्री अदनान ने अचानक इमरजेंसी दरवाजा खोलने की कोशिश की। इस अप्रत्याशित घटना से विमान में सवार यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। केबिन क्रू ने तत्काल पायलट को स्थिति से अवगत कराया, जिसके बाद पायलट ने एहतियातन विमान को दोबारा हवा में ले जाकर स्थिति सामान्य की।

# तेज़ रफ़्तार ट्रैक्टर से कुचलकर बेटी की मौत, मां घायल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में गाजीपुर थाना क्षेत्र में रविवार को सड़क किनारे खड़ी मां बेटी को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने कुचल दिया। इस हादसे में बेटी की मौत हो गई, जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना देख पंप से बाइक में पेट्रोल भरवा रहे बेटे के होश उड़ गए। पुलिस ने चालक को ट्रैक्टर समेत पकड़ते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। गाजीपुर थाना क्षेत्र के चक काजीपुर निवासी प्रियांशु अपनी मां अनीता देवी(40) और बहन अंशिका (18) को बाइक से औरैया गांव दवा दिलाने मोटरसाइकिल से जा रहा था। रास्ते में असोथर रोड स्थित बवारा पेट्रोल पंप के पास उसने अपनी मां और बहन को सड़क किनारे खड़ा कर वह मोटरसाइकिल में पेट्रोल डलवाने चला गया। इसी दौरान असोथर की ओर से तेज़ रफ़्तार आ रहा ओवरलोड मोरंग लदा ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ी मां-बेटी को कुचल दिया। हादसे के बाद चालक घबराकर ट्रैक्टर लेकर भागने लगा, लेकिन आगे खड़े डंपर में पीछे से टक्कर मार दी। घटना देख प्रियांशु मौके पर पहुंचा और पुलिस व परिजनों को जानकारी दी। पुलिस ने तत्काल दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने अंशिका को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल मां अनीता देवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मृतका के पिता रामप्रकाश विश्वकर्मा दिल्ली में कार पेंटिंग का काम करते हैं और घटना की सूचना मिलते ही घर के लिए रवाना हो गए हैं। परिवार में बहन रासी, आरुषि, अन्नया, नैंसी और भाई प्रियांशु सहित सभी परिजन शोक में डूब गये। थानाध्यक्ष हनुमान प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर और चालक को हिरासत में ले लिया गया है। प्रारंभिक जांच में चालक को झपकी आने के कारण हादसा होना बताया जा रहा है। मामले की जांच कर रही है।

# कानपुर में झूठी निकली लूट की सूचना, जांच में हुआ खुलासा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। कलक्टरगंज थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात सामने आई कथित लूट की घटना पुलिस जांच में पूरी तरह असत्य साबित हुई है। प्रारंभिक सूचना में जिस घटना को लूट बताया गया था, वह जांच के दौरान झूठी निकली। पुलिस ने जब पीड़ित से सख्ती से पूछताछ की गई, तो जांच में सामने आया कि नाबालिग ने डर के कारण परिजनों को गुमराह करने के लिए लूट की झूठी कहानी गढ़ी थी।

यह जानकारी रविवार को सहायक पुलिस आयुक्त आशुतोष कुमार ने दी। बीती रात पुलिस को सूचना मिली थी कि सुतरखाना निवासी मोहम्मद रेहान (उम्र करीब 16-17 वर्ष) से कोपरगंज चौराहे के पास ओमनी कार सवार अज्ञात लोगों ने करीब 45 हजार रुपये लूट लिए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और क्षेत्रीय लोगों से पूछताछ की, लेकिन जांच के दौरान कहीं भी लूट की घटना की पुष्टि नहीं हुई। इसके बाद पुलिस ने युवक से दोबारा विस्तार से पूछताछ की। पूछताछ में किशोर ने बताया कि वह जरीब चौकी स्थित दिल्ली जूस एंड शेक सेंटर से रुपये लेकर लौट रहा था, तभी रास्ते में बाइक गिरने के दौरान उसके रुपये कहीं गिर गए। घर पहुंचने पर डर के कारण उसने लूट की झूठी कहानी बना दी। मामले में युवक के पिता ने भी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके बेटे ने नादानी और डर की वजह से गलत सूचना दी थी और भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने का आश्वासन दिया है। पुलिस ने चेतावनी देते हुए युवक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया और भविष्य में इस प्रकार की भ्रामक सूचना न देने की सख्त हिदायत दी है।

# श्याम लाल इंटर कॉलेज प्रबंध समिति का निर्वाचन सम्पन्न, पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

नवाबगंज -उन्नाव। स्थानीय श्याम लाल इंटर कॉलेज प्रबंध समिति का निर्वाचन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित पर्यवेक्षक की मौजूदगी में शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हो गया। निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन पर्यवेक्षक कमलेश कुमार (प्रधानाचार्य, राजकीय हाई स्कूल अरेर कला, उन्नाव) की देखरेख में कराया गया। निर्वाचन में सर्वसम्मति से प्रबंध समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें रज्जन लाल अवस्थी को अध्यक्ष, जगत पाल सिंह को उपाध्यक्ष, मनोज गुप्ता को प्रबंधक, विजय प्रताप सिंह को उप प्रबंधक तथा लालता प्रसाद तिवारी को कोषाध्यक्ष चुना गया।

इसके अलावा चंद्रभान सिंह, रावेन्द्र पाण्डेय, चंद्रसेन द्विवेदी, मुकुंद मोहन त्रिपाठी, महादेव यादव, प्रदीप सिंह राठौर एवं डॉ. संतोष गुप्ता को समिति का सदस्य निर्वाचित घोषित किया गया।

निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होने पर उपस्थित लोगों ने संतोष जताया तथा नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

# संक्षिप्त समाचार

## महिला जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

शुक्लागंज-उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जय प्रकाश सिंह के कुशल निर्देशन में रविवार को थाना गंगाघाट की शिमशन शक्तिश टीम द्वारा क्षेत्र में महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सचेत करना और समाज में उन्हें सुरक्षित परिवेश प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 112 और 181) की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही, बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाते हुए उन्हें निडर और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। वर्तमान समय में बढ़ते डिजिटल फ्रॉड को देखते हुए पुलिस ने महिलाओं को साइबर अपराध से बचने के तरीके भी समझाए।

## जन आरोग्य मेले का किया आयोजन

शुक्लागंज, उन्नाव। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे। शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का गहन परीक्षण किया और उन्हें निरूशुल्क दवाइयां वितरित कीं। स्वास्थ्य मेले में मुख्य रूप से डॉ. राजेश चंद्रा और डॉ. रश्मि वर्मा ने अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने मरीजों को गंभीर रोगों के प्रति जागरूक करते हुए उचित परामर्श दिया। केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों ने जानकारी दी कि मेले के दौरान कुल 86 मरीजों का पंजीकरण व उपचार किया गया। शिविर में आए मरीजों में सबसे ज्यादा संख्या चर्म रोग, पेट व लीवर संबंधी विकारों और मौसमी बीमारियों (सर्दी, जुकाम, बुखार) से ग्रसित लोगों की रही। इसके अलावा मधुमेह (डायबिटीज), उच्च रक्तचाप (बीपी), सांस की समस्या और एनीमिया (खून की कमी) के रोगियों की भी जांच की गई। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का भी विशेष परीक्षण कर उन्हें जरूरी सप्लीमेंट्स दिए गए।

## कुंडकेश्वर मंदिर में 30 मार्च से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

बिछिया। ब्लॉक के गांव खंभारखेड़ा स्थित कुंडकेश्वर मंदिर प्रांगण में 30 मार्च, सोमवार से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।आयोजक कमलेश सिंह ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित होगी। इस दौरान कन्नौज के आचार्य संजय किशन द्विवेदी कथा का वाचन करेंगे। आयोजक ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की है।

## औरैया पुलिस ने 111 गुम मोबाइल बरामद कर लोगों को लौटाए

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी को लेकर पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए 111 मोबाइल फोन रविवार को उनके मालिकों को वापस किए। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 17 लाख रुपये बताई जा रही है। यह सफलता स्वाट टीम और सर्विलांस टीम के संयुक्त प्रयासों से मिली, जिन्होंने विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार मेहनत कर खोए हुए मोबाइलों को ट्रेस किया। पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में तकनीकी संसाधनों और आधुनिक ट्रैकिंग सिस्टम का प्रभावी उपयोग किया गया। टीम ने मोबाइल फोन के आईएमईआई नंबर के आधार पर उनकी लोकेशन ट्रेस की और संबंधित व्यक्तियों तक पहुंचकर उन्हें सुरक्षित बरामद किया। इसके बाद सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए गए, जिससे लोगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। इस अभियान में प्रभारी सर्विलांस उपनिरीक्षक समित चौधरी और प्रभारी स्वाट उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार की टीम की अहम भूमिका रही। उनकी सक्रियता और समर्पण के कारण इतने बड़े स्तर पर मोबाइल रिकवरी संभव हो सकी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना पुलिस की प्राथमिकता है।

# सौदामिनी संस्कृत महाविद्यालय : सरल संस्कृत में लिखित पुस्तक 'शब्द स्वरूप विमर्श' का लोकार्पण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज,। सरल संस्कृत मे लिखित पुस्तक 'शब्द स्वरूप विमर्शः' भारतीय ज्ञान परम्परा के निगूढ़ तत्वों पर प्रकाश डालती है। भारतीय चिंतन परंपरा में शब्द को ब्रह्म कहा गया है। उक्त बातें रविवार को सौदामिनी संस्कृत महाविद्यालय प्रयागराज में चल रहे शताब्दी समारोह के दूसरे दिन समारोह को संबोधित करते हुए पुस्तक के लेखक सर्वार्य इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रान्त के प्रान्त प्रचार प्रमुख डॉ मुरारजी त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि इसमें शब्दब्रह्म के स्वरूप का बहुत बारीकी से विवेचन किया गया है जिसे बहुत आसानी से समझा जा सकता है। ऋषियों के चिन्तन की ग्रंथियों को इसमे खोला गया है। कबीर ने कहा- साधो, शब्द साधना कीजै। जेहि शब्द ते प्रगट भए सब सोई गहि लीजै। पुस्तक का यही प्रतिपाद्य है। भारत के प्राचीन विश्वविद्यालयो में आचार्यो का विषय के अनुसार वर्गीकरण, पढ़ाई जाने वाली 14 विद्याओं की विभिन्न शाखाएं, प्रसिद्ध विश्वविद्यालयो के ऋषिकल्प कुलपतियों के नाम तथा उनकी शिक्षण पद्धति आदि का इसमें विस्तृत विवेचन किया गया है।

वाणी के 4 स्तर परा, पश्यन्ती मध्यमा और वैखरी की पर्तों को इसमे खोला गया है.। भाषा विज्ञान के छात्रों अनुसंधाताओ तथा भारतीय संस्कृति एवं उसकी ज्ञान परंपरा में रुचि रखने वालों के लिए पुस्तक अत्यंत उपयोगी है।

## ट्रक कार की भिड़ंत में पति की मौत, पत्नी व पुत्र गंभीर

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर प्रयागराज से अंबिकापुर जा रहे कार सवार परिवार की सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई जिससे कार में सवार व्यक्ति की मौत हो गई जबकी उसकी पत्नी व बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार रविवार शाम चार बजे प्रयागराज से अम्बिकापुर के तरफ जा रही कार की अपनी ही तरफ विपरीत दिशा से आ रही ट्रक से भिड़ंत हो गई। इस घटना में कार चला रहे 38 वर्षीय कुनाल पुत्र सत्तानारायण चौधरी निवासी सीमोड़ रांची झारखंड की मौके पर ही मौत हो गई और कार में सवार उनकी पत्नी 34 वर्षीय नितू देवी व पुत्र 03 वर्षीय वैदिक घायल हो गये। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। ट्रक चालक द्वारा कार को इतनी तेज टक्कर मारा था कि कार में चालक फंस गया था जिसे जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया है।

# जौनपुर में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता प्रशासन ने की अफवाहों से बचने की अपील

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने रविवार को बताया कि जनपद में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद जिले के 275 पेट्रोल पंपों के माध्यम से ईंधन की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि 29 मार्च को जनपद के पेट्रोल पंपों पर 1558 किलोलीटर डीजल और 1182 किलोलीटर पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। साथ ही ऑयल डिपो से लगातार आपूर्ति जारी है, जिससे किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है।

उन्होंने बताया कि 28 मार्च को अचानक मांग बढ़ने के कारण जिले के 6 पेट्रोल पंपों पर अस्थायी रूप से स्टॉक समाप्त हो गया था, लेकिन तेल कंपनियों की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां आपूर्ति पुनः शुरू कर दी गई है। वर्तमान में सभी पंपों पर ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। आपूर्ति विभाग के अधिकारी और निरीक्षक लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से पेट्रोल पंपों पर भीड़ न लगाएं और केवल आवश्यकता अनुसार ही ईंधन लें। साथ ही उन्होंने ईंधन का भंडारण न करने और अफवाहों से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूचना के लिए केवल आधिकारिक माध्यमों पर ही विश्वास करें, जिससे अनावश्यक भ्रम और परेशानी से बचा जा सके।

# तेज रफ्तार डीसीएम ने मचाई तबाही, बाइक-ऑटो को रौंदा

- मां-बेटी की मौके पर दर्दनाक मौत, सात गंभीर घायल; आक्रोशित ग्रामीणों ने चालक को पेड़ से बांधकर पीटा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





अज़ान खीरी। थाना फरधान क्षेत्र के सिकंदराबाद-भटूरा मार्ग पर रविवार की दोपहर एक तेज रफ्तार डीसीएम ने कहर बरपा दिया। अनियंत्रित डीसीएम ने पहले एक ऑटो और फिर एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार मां और उसकी छह माह की मासूम बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मृतका का पति सहित ऑटो में सवार छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और आक्रोशित ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर पेड़ से बांधकर पीट दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम पठान पुरवा निवासी इसराइल रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे अपनी पत्नी श्यामीन (32 वर्ष) और छह माह की पुत्री स्वास्था के साथ बाइक से नीमगांव जा रहे थे। वे अपने मामा पप्पू के घर एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक सिकंदराबाद-भटूरा मार्ग पर पहुंची, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने पहले एक ऑटो को टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर बाइक को रौंद दिया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के पीछे बैठी श्यामीन अपनी गोद में मासूम बच्ची को लिए सीधे डीसीएम के पहियों के नीचे आ गईं, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद लोगों के रोंगटे खड़े हो गए और चीख-पुकार मच गई हादसे में गंभीर रूप से घायल इसराइल को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया गया। वहीं, ऑटो में सवार छह अन्य घायलों का भी विभिन्न अस्पतालों में उपचार जारी है घटना के बाद चालक मौके से फरार होने की कोशिश करने लगा, लेकिन आसपास मौजूद ग्रामीणों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। आक्रोशित भीड़ ने चालक को सड़क किनारे एक पेड़ से बांध दिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही थाना फरधान पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद चालक को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर हिरासत में लिया।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त डीसीएम को कब्जे में ले लिया है और मृतका मां-बेटी के शवों को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। हादसे के चलते कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुचारू करा दिया इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# मैलानी में भाजपा का होली मिलन समारोह आयोजित नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सहित कई नेता हुए शामिल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मैलानी खीरी। तहसील गोला क्षेत्र के कस्बा मैलानी स्थित दि सिद्धिविनायक स्कूल में नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में होली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता सहित कई गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में द्वारका प्रसाद गोयल, खुटार बालाजी धाम के महंत नंदन जी महाराज, हनुमान प्रसाद बंसल, रामचंद्र अग्रवाल, लक्ष्मण गुप्ता, विजय माहेश्वरी, भाजपा नेत्री गुरमीत कौर एवं भवानी शंकर माहेश्वरी शामिल रहे। मंच का संचालन नगर पंचायत के नामित सभासद राजेश सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान चेयरपर्सन कीर्ति माहेश्वरी एवं भवानी शंकर माहेश्वरी ने सभी अतिथियों का फूलमालाओं एवं पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि अरविंद गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि होली का पर्व आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने का त्योहार है। उन्होंने भाजपा के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के सिद्धांत पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से आगामी 2027 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

समाजसेवी राजेश गोयल ने होली को समरसता का पर्व बताते हुए कहा कि इस दिन सभी भेदभाव समाप्त हो जाते हैं। चेयरपर्सन कीर्ति माहेश्वरी ने इसे मिलन का पर्व बताया, जबकि भवानी शंकर माहेश्वरी ने इसे संबंधों के नवीनीकरण का अवसर बताया। कार्यक्रम के दौरान राधा-कृष्ण सहित कई मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। समारोह सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए होली की शुभकामनाएं दी गईं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की दर्दनाक मौत, परिवारों में कोहराम



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अज़ान खीरी। थाना हैदराबाद क्षेत्र के नया बाईपास मार्ग पर शनिवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा के.एल. पैलेस के पास उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ग्राम छतौनिया निवासी सौरभ वर्मा (23 वर्ष) और शिवम राठौर (24 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक शनिवार शाम करीब 7:30 बजे गोला शहर से अपने गाँव लौट रहे थे। जैसे ही वे नया बाईपास मार्ग पर पहुँचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना हैदराबाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतकों के पास मिले मोबाइल व अन्य दस्तावेजों के आधार पर उनकी पहचान कर परिजनों को सूचना दी। जैसे ही हादसे की खबर गाँव पहुँची, परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा अज्ञात वाहन की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही आरोपी वाहन चालक की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## हैदराबाद थानाध्यक्ष की अगुवाई में मिशन शक्ति फ़ेज-5 का आगाज


अज़ान खीरी। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फ़ेज-5 का शुभारंभ थाना हैदराबाद क्षेत्र में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम अहमदनगर स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय के प्रांगण में हैदराबाद थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक के नेतृत्व में संपन्न हुग ययइस अवसर पर थाना हैदराबाद की महिला आरक्षियों ने छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मुकेश गुप्ता, थाना हैदराबाद के एसएसआई एपी सिंह राठौर सहित कई महिला आरक्षी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं में सुरक्षा एवं आत्मविश्वास का संदेश दिया गया।


# दबंगों का कहर: महिला पर सरिया से जानलेवा हमला

- पति व नाबालिग पुत्र को भी पीटा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क







कुकरा खीरी। थाना मैलानी क्षेत्र के पुलिस चौकी बाँकेगंज अंतर्गत ग्राम रामनगर ग्रंट नंबर 11 में दबंगों द्वारा एक ही परिवार पर हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि उसके पति व नाबालिग पुत्र को भी मारपीट कर चोटें पहुंचाई गईं। मामले में पीड़ित रंजीत पुत्र मनोहर लाल की तहरीर पर पुलिस ने सूरज, विशाल, मिथलेश व एक महिला समेत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता धनदेवी के अनुसार, घटना 27 मार्च की रात करीब 8 बजे की है। आरोप है कि विपक्षीगण एकजुट होकर उसके पति को घर के बाहर मारपीट कर रहे थे। जब वह बीच-बचाव के लिए पहुंची तो आरोपियों ने उस पर लोहे की सरिया से सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गई। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपियों ने रंजीत व उसके नाबालिग पुत्र को भी नहीं बख्शा और दोनों को बुरी तरह पीटा। घटना के कई दिन बाद भी शरीर पर चोट के निशान स्पष्ट देखे जा सकते हैं। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावर अब भी खुलेआम घूम रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार दहशत में है। पीड़िता ने पुलिस पर ढिलाई का आरोप लगाते हुए कहा कि अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उसने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो वह उच्च अधिकारियों से शिकायत करेगी।

### क्या बोले जिम्मेदार

थानाध्यक्ष मैलानी ब्रजेश मौर्य ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद साक्ष्यों के आधार पर धाराओं में बढ़ोतरी कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# चैती मेले में सुरक्षा के मद्देनजर फायर ब्रिगेड की 24 घंटे तैनाती

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी गोला का ऐतिहासिक चैती मेला जहां एक ओर अपनी 121 वर्ष पुरानी परंपरा को संजोए हुए है, वहीं हर वर्ष नए आयाम स्थापित करते हुए लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है। मेले में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी के निर्देश पर मेला ग्राउंड में फायर ब्रिगेड की एक सुसज्जित टुकड़ी को 24 घंटे के लिए तैनात कर दिया गया है। यह टीम आधुनिक उपकरणों से लैस है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

फायर ब्रिगेड के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंदे ने बताया कि मेले की सुरक्षा के लिए छह प्रमुख प्वाइंट बनाए गए हैं, ताकि किसी भी स्थान पर आग लगने या अन्य आपात स्थिति की सूचना मिलते ही तत्काल नजदीकी प्वाइंट से पानी उपलब्ध कराकर स्थिति पर काबू पाया जा सके।

उन्होंने यह भी बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी में लगभग 1600 लीटर पानी हर समय उपलब्ध रहता है। इसके अतिरिक्त, पूरी मेला परिधि में फायर टीम मोटर साइकिल के माध्यम से लगातार गश्त करती रहती है, जिससे समय रहते किसी भी संभावित खतरे को टाला जा सके।

## सीतापुर में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक, बूथ मजबूत करने के साथ चुनावी तैयारी पर जोर

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जनपद में कांग्रेस पार्टी चुनावी तैयारियों में जुट गई है। इसी क्रम में प्रत्येक विधानसभा में संगठन की बड़ी बैठक के माध्यम से कार्यकर्ताओं को एकजुट कर मैदान में उतरने का आह्वान किया जा रहा है। इसको देखते हुए विकास खंड हरगांव में रविवार को कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष विजय कुमार भार्गव ने की, जिसमें संगठन के विस्तार, बूथ स्तर को मजबूत करने और आगामी चुनावों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। यह बैठक करीब 4 घंटे से भी अधिक समय तक चली। मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन महामंत्री अनिल यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने और हर बूथ तक पार्टी की पहुंच सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ममता पासी ने संगठन को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने पर जोर दिया।

# बघमरा गांव में मृतका कमला देवी का अंतिम संस्कार

- बड़े बेटे ने दी मुखाग्नि पोस्टमार्टम में तिल्ली फटने से मौत की पुष्टि, आरोपी अब भी फरार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अज़ान खीरी। थाना हैदराबाद क्षेत्र की अज़ान चौकी अंतर्गत बघमरा गांव में हुए खूनी संघर्ष में जान गंवाने वाली 50 वर्षीय कमला देवी का रविवार सुबह करीब 10 बजे गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतका के बड़े बेटे रेशम यादव ने मुखाग्नि दी। इस दौरान गांव में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। ज्ञात हो कि शुक्रवार रात गांव में हुए विवाद के दौरान बीच-बचाव करने पहुंची कमला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उपचार से पहले ही उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पेट की तिल्ली फटने से मौत होने की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा, तो परिजनों ने पहले अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया था। उनका कहना था कि जब तक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। इस पर शनिवार देर शाम पुलिस ने तहरीर के आधार पर अनुराग पुत्र संतोष कुमार निवासी ग्राम मुड़ा जवाहर तथा बसंत, पंकज और दिनेश पुत्र बाबूराम निवासीगण बघमरा के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

रविवार को थाना प्रभारी सुनील मलिक की मौजूदगी में अंतिम संस्कार सम्पन्न कराया गया। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे परिजनों ने आरोप लगाया है कि घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इस संबंध में थाना प्रभारी सुनील मलिक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तिल्ली फटने से मौत की पुष्टि हुई है। मामले में पांच लोगों को नामजद किया गया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत विकास परिषद शाखा का चुनाव संपन्न

गोला गोकर्णनाथ खीरी। भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा का वार्षिक चुनाव न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेस, गोला के सभागार में आयोजित बैठक में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया पर्यवेक्षक शशिकांत श्रीवास्तव (प्रांतीय गतिविधि संयोजक) के निर्देशन में शांतिपूर्ण ढंग से कराई गई। बैठक में सर्वसम्मति से अनुज खरे को अध्यक्ष, मनोज वर्मा को सचिव तथा पटेल सुशील वर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गईं और संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र सक्सेना, रामसागर वर्मा, महिला संयोजिका प्रियंका गुप्ता सहित सदस्यगण संजय कुमार तिवारी, संजय शुक्ला, अवधेश कुमार, शैलेंद्र वर्मा, आदर्श कुमार जायसवाल, सुशील कुमार, संदीप चक्रवर्ती, ठाकुर गौरीश सिंह, अरुण शर्मा, पवनेश वर्मा एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### आर्य समाज मंदिर में 114वां महोत्सव संपन्न, सत्य के प्रचार और कुरीतियों के विरोध पर जोर

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के दिबियापुर रोड शहर में स्थित आर्य समाज मंदिर में रविवार को 114वां महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम सत्य सनातन वैदिक धर्म के संरक्षण एवं संवर्धन को समर्पित रहा, जिसमें हितोपदेश, हवन-यज्ञ और प्रवचनों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का संदेश दिया गया। महोत्सव के दौरान हरियाणा के पानीपत से आए मुख्य वक्ता आचार्य ओम प्रकाश ने समाज में फैली गलत धारणाओं को दूर करने और सत्य को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ईश्वर सर्वव्यापी और अनादि है, उसकी कोई प्रतिमा नहीं होती। बिना सत्य को समझे मानव का कल्याण संभव नहीं है। उन्होंने लोगों से उपासना की सही विधि अपनाने और सत्य के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। औरैया-इटावा संघ के प्रधान डॉ. सर्वेश ने प्रेसवार्ता कर बताया कि समाज को ढोंग और पाखंड से दूर रहना चाहिए तथा वैदिक परंपराओं को अपनाना चाहिए। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े भ्रमों को समाप्त करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि महापुरुषों के सम्मान की रक्षा करना समाज का दायित्व है। सत्य को समझकर ही उसे समाज तक पहुंचाया जा सकता है।

### पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, पीड़िता पहले ही बरामद

देवरिया। उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया के थाना गौरीबाजार पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के गंभीर मामले में वांछित रविवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कस्बा बैतालपुर के पश्चिमी ढाला के पास विशुनपुरा जाने वाली सड़क से अभियुक्त आर्या राजभर को गिरफ्तार किया। वह थाना गौरीबाजार क्षेत्र के धतुरा खास (बड़ी ललिया) का निवासी है। पुलिस के अनुसार यह मामला 16 अक्टूबर 2025 का है, जब एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाना गौरीबाजार में शिकायत दर्ज कराई थी।

### हाईटेंशन तार से छूते ही जलने लगे ट्रॉली में लदे गेहूं के बोझ, फसल जलकर राख

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर के ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बरबसा गहरवार गांव में रविवार शाम करीब पांच बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदे गेहूं के बोझ में हाईटेंशन तार छू जाने से आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने बाल्टी-डिब्बों से पानी डालकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। गांव निवासी किसान चिंतामणि मिश्र शुकुलपुर गांव से कटाई के बाद गेहूं को मड़ाई के लिए अपने घर के पास खलिहान ला रहे थे। जैसे ही ट्रॉली बारीपुर मोहल्ले में प्रवीण तिवारी के घर के पास पहुंची, ऊपर झूल रहे हाईटेंशन तार से गेहूं का बोझ सट गया और उसमें आग लग गई। ट्रॉली में आग लगते ही चालक चीनी कोल ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत ट्रॉली को ट्रैक्टर से अलग कर दिया, जिससे ट्रैक्टर आग की चपेट में आने से बच गया।

# पालिकाध्यक्ष के कैम्प कार्यालय पर सुनी गई 'मन की बात' का 132वां प्रसारण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के कैम्प कार्यालय पर रविवार को प्रधानमंत्री की मासिक रेडियो वार्ता 'मन की बात' का 132वां प्रसारण सामूहिक रूप से सुना गया। यह कार्यक्रम कृषक समाज शक्ति केन्द्र के बूथ संख्या 206 पर स्थित श्री धर्मादा समिति गौशाला परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने खाड़ी देशों द्वारा भारतीय नागरिकों को दिए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक करोड़ से अधिक भारतीयों को वहां हर प्रकार की सहायता मिल रही है, जो सराहनीय है। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे सतर्क रहें, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल सरकार द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी पर ही विश्वास करें। प्रधानमंत्री ने देशवासियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता से देश ने हर चुनौती का सामना किया है और इस बार भी सभी मिलकर हर संकट पर विजय प्राप्त करेंगे। उन्होंने 'जल संचय अभियान' का उल्लेख करते हुए बताया कि देशभर में लगभग 50 लाख आर्टिफिशियल वॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं के निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे जल संरक्षण को नई मजबूती मिल रही है। मन की बात' कार्यक्रम में युवाओं की बदलती रुचियों पर भी प्रकाश डाला गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवा अब पारंपरिक खेलों के साथ-साथ नए और कम लोकप्रिय खेलों को भी अपना रहे हैं, जो सकारात्मक संकेत है। इसके अलावा उन्होंने टी-20 में भारत की उपलब्धि, जम्मू-कश्मीर के रणजी ट्रॉफी में लंबे समय बाद चैम्पियन बनने, मछुआरों के आत्मनिर्भर बनने तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान और 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के प्रभाव का भी उल्लेख किया कार्यक्रम में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विजय बाजपेई, वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना, नगर महामंत्री सुधीर अवस्थी, नगर मंत्री धीरज बाजपेई, नामित सभासद गीता विश्वकर्मा, नगर मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, युवा मोर्चा के पूर्व नगर अध्यक्ष विजय मिश्रा, नगर महामंत्री हिमांशु सिंह, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, बूथ अध्यक्ष रवि प्रजापति, प्रदीप खतौलिया, मनोज बाथम, सोनू त्रिवेदी, काके सहगल, महिला मोर्चा नगर महामंत्री गीता दुबे, नगर उपाध्यक्ष सीमा वर्मा, राजन शुक्ला, जितेंद्र कुमार, संजीव दीक्षित, नगर मंत्री सुनील शर्मा, नगर कोषाध्यक्ष विमलेश वर्मा, ज्ञानू तिवारी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ढोल-नगाड़ों के साथ ऐतिहासिक चैती मेले का भव्य उद्घाटन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर का 121 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक चैती मेला इस वर्ष भी पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ भव्य रूप से प्रारंभ हो गया। स्थानीय मेला मैदान के प्रथम गेट पर आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग, उपजिलाधिकारी एवं प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' की गरिमामयी उपस्थिति रही कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य लवकुश शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन-अर्चन से हुआ। इसके उपरांत सभी अतिथियों ने स्वर्गीय राजेन्द्र गिरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और मेला परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्वलन के साथ औपचारिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इससे पूर्व श्रीरामचरितमानस के सुंदरकांड का पाठ बृजेश तिवारी, महेश तिवारी, राजेश तिवारी, मिथलेश तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि चैती मेला जनपद की अमूल्य धरोहर है और इसके सफल आयोजन में सभी की भागीदारी आवश्यक है।

# चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल्स के मुकाबले में अपनी पूर्व टीमों के मुकाबिल सैमसन, जडेजा

एजेंसी

गुवाहाटी। पिछले एक दशक से अधिक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे संजू सैमसन अब आईपीएल के मैच में सोमवार को उसी टीम के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आयेंगे जबकि चेन्नई टीम का हिस्सा रहे रविंद्र जडेजा अब रॉयल्स के लिये खेलने जा रहे हैं।



पिछले दस साल से अधिक समय से सैमसन रॉयल्स टीम के कप्तान और स्टार बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कप्तानी में रॉयल्स 2022 में फाइनल तक पहुंची थी। जिस तरह से चेन्नई की पहचान महेंद्र सिंह धोनी हैं, वैसे ही रॉयल्स की पहचान सैमसन बन गए थे लेकिन इस सत्र से पहले हुई अदला बदली में अब जडेजा रॉयल्स के लिये खेलेंगे और भारत की टी20 विश्व कप जीत के नायक रहे सैमसन चेन्नई टीम का हिस्सा होंगे। सैमसन ने टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी तीन मैचों में 50 से अधिक रन बनाकर भारत की खिताबी जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। वह चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरूआत करेंगे और टीम के कोर नेतृत्व का भी हिस्सा होंगे चूंकि धोनी फिटनेस कारणों से कम से कम दो सप्ताह नहीं खेल पायेंगे। धोनी टीम के साथ गुवाहाटी नहीं आये हैं और उनकी गैर मौजूदगी में सैमसन तथा गायकवाड़ पर नजरें रहेंगी। धोनी की गैर मौजूदगी में 20 साल के बायें हाथ के स्पिनर हरफनमौला प्रशांत वीर को मौका मिल सकता है जिन्होंने घरेलू टी20 मैचों में प्रभावित किया। उनके अलावा 14 .2 करोड़ रूपये में खरीदे गए कार्तिक शर्मा भी फोकस में होंगे जो घरेलू सर्किट में छक्के लगाने के अपने हुनर के लिये जाने जाते हैं। चेन्नई की बल्लेबाजी मजबूत लग रही है चूंकि डेवाल्ड ब्रेविस अब परिपक्व हो चले हैं जबकि शिवम दुबे मध्यक्रम के भरोसेमंद बल्लेबाज बन गए हैं। युवा आयुष म्हात्रे भी तेजी से निखरते जा रहे हैं। गेंदबाजी में नूर अहमद , अकील हुसैन, मैट हेनरी और खलील अहमद जिम्मेदारी संभालेंगे। रॉयल्स के लिये सैमसन का जाना एक युग का अंत है और रियान पराग की कप्तानी में एक नये दौर की शुरूआत है जो अपने घरेलू मैदान से कप्तानी की शुरूआत करेंगे। जडेजा के आने से टीम का अनुभव और संतुलन बढा है। उनकी बल्लेबाजी का दारोमदार यशस्वी जायसवाल पर रहेगा।उनके साथ युवा वैभव सूर्यवंशी और फॉर्म में चल रहे शिमरोन हेटमायेर हैं। रॉयल्स के लिये चिंता का सबब उसकी गेंदबाजी है। पिछले सत्र के बाद टीम में कई बदलाव हुए हैं लेकिन जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में तेज गेंदबाजों को निरंतरता पर काम करना होगा। स्पिन का जिम्मा जडेजा और रवि बिश्नोई संभालेंगे। पिछले सत्र में चेन्नई आखिरी स्थान पर और रॉयल्स नौवें स्थान पर रही थी।

# इस उम्र में कोहली की ऊर्जा और जोश बेजोड़ : अश्विन

एजेंसी



बेंगलुरू। विराट कोहली की जमकर तारीफ करते हुए भारत के पूर्व आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि टेस्ट और वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद अपनी बेजोड़ ऊर्जा और जोश के दम पर जो करते हैं, वह करके दिखाते हैं। पिछले साल तीन जून को आईपीएल फाइनल जीतने के बाद पहली बार टी20 प्रारूप खेलते हुए कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 38 गेंद में नाबाद 69 रन बनाये जिसकी मदद से गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने आईपीएल 2026 के पहले मैच में छह विकेट से जीत दर्ज की। अश्विन ने 'जियोस्टार' के शो पर कहा ,'' वह जो कहते हैं, करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा ,' ऐसा लगता है कि वह लोगों को दिखा रहे हैं कि कैसे खेला जाता है। इसे जोरदार ढंग से खेलो और वैसे ही खेलो , जैसे खेला जाना चाहिये। विराट ने जो कुछ भी किया , उस लिहाज से यह बात मेरे लिये सबसे खास रही। कोहली ने आईपीएल से पहले जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 93, 23 और 124 रन बनाये थे। इससे पहले दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में उन्होंने दो शतक समेत 302 रन बनाये थे। अश्विन ने विकेटों के बीच दौड़ का हवाला देते हुए कहा कि इस उम्र और इतने अनुभव के बावजूद उनकी ऊर्जा बेजोड़ है। उन्होंने कहा कि मुझे यह काफी अजीब लगता है। मैं बातचीत के दौरान उनसे कह भी देता हूं। वह 40 रन के करीब खेल रहे थे और एक साझेदारी चल रही थी। उन्होंने पहला रन भागा और वहां रूक गए जब तक दूसरा बल्लेबाज आधी क्रीज तक भी नहीं पहुंचा था लेकिन वह दूसरे रन की तलाश में थे। लेग साइड में 57 मीटर की बाउंड्री थी जिससे साबित होता है कि अभी भी वह खेल में कितना जोश लेकर आते हैं।

## 2025 का प्रदर्शन बीती बात, हम कुछ बचाने के लिये नहीं खेल रहे : आरसीबी कप्तान पाटीदार

एजेंसी

बेंगलुरू। कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू पिछले साल आईपीएल में मिली जीत को पीछे छोड़ चुकी है और अब फोकस इस साल फिर खिताब जीतने के लिये बेहतरीन प्रदर्शन पर है। आरसीबी ने इस सत्र के पहले मैच में शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराकर शानदार शुरूआत की। पाटीदार ने हालांकि कहा कि वह टीम के अभियान को खिताब बचाने की मुहिम नहीं मानते। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' हम इस मानसिकता के साथ नहीं खेल रहे हैं कि कुछ बचाना है। हमने 2025 में जो किया, वह बीती बात है। हम इस बार फिर खिताब जीतने के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से खेल रहे हैं। आरसीबी की जीत में विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल और जैकब डफी का अहम योगदान रहा। पाटीदार ने कहा ,'' लक्ष्य का पीछा करने में कोहली नंबर एक हैं। मुझे हमेशा से उनकी बल्लेबाजी पसंद है और डगआउट से उन्हें खेलते देखना बहुत शानदार रहता है। उन्होंने कहा ,'' कोच एंडी फ्लावर की तरह मुझे भी लगता है कि वह अपने खेल के शिखर पर है। उसकी पारी को बयान करने के लिये मेरे पास समय नहीं है। वह मेरे आदर्श है और मैने उन्हें नेट्स पर उसी ऊर्जा और तत्परता के साथ खेलते देखा है। मैं उन्हें नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखकर बहुत कुछ सीख रहा हूं। सनराइजर्स के शीर्ष तीन विकेट लेने वाले डफी के बारे में उन्होंने कहा ,'' वह टी20 का विशेषज्ञ गेंदबाज है और हमें उस पर काफी भरोसा है। जिस तरह से वह खेल रहा है, जबर्दस्त है। आरसीबी और सनराइजर्स के मैच की शुरूआत भावुक रही जब पिछले साल स्टेडियम के पास भगदड़ में मारे गए 11 प्रशंसकों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा गया था।

# भारतीय मुक्केबाजों की नजरें एशियाई चैम्पियनशिप में मजबूत शुरूआत पर

एजेंसी

उलानबटोर (मंगोलिया)। भारतीय मुक्केबाज सोमवार से यहां शुरू हो रही एशियाई चैम्पियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सत्र में हर मौके का पूरा फायदा उठाकर साल के आखिर में होने वाले बहु खेल टूर्नामेंटों के लिये सीधे कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। इस टूर्नामेंट के जरिये नये व्यस्त सत्र की शुरूआत होगी जिसमें जुलाई अगस्त में ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल, सितंबर . अक्टूबर में जापान में एशियाई खेल और उजबेकिस्तान में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स होने हैं। इस चैम्पियनशिप के जरिये मुक्केबाजों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिये सीधे क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। भारतीय टीम पिछले 15 दिन से मंगोलिया में है और मंगोलिया, चीन, जोर्डन, थाईलैंड के मुक्केबाजों के साथ अभ्यास कर रही है। महिला वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ( 75 किलो ), दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन ( 51 किलो ) , मौजूदा विश्व चैम्पियन मीनाक्षी हुड्डा ( 48 किलो ) और जैसमीन लंबोरिया ( 57 किलो ) करेंगी। लवलीना ने फरवरी में स्पेन में बॉक्सेम इंटरनेशनल जीता था। वहीं निकहत, मीनाक्षी और जैसमीन नवंबर के बाद पहला टूर्नामेंट खेलेंगी। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच सैंटियागो नीवा ने कहा ,'' एशियाई चैम्पियनशिप कठिन परीक्षा होगी। हमें पता है कि पिछले एक दशक में एशियाई मुक्केबाजी का स्तर काफी बेहतर हुआ है और दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में से कई एशिया से हैं। उन्होंने कहा ,'' हमारा इतिहास बताता है कि हम पदक जीत सकते हैं। हमारी नजरें कई पदकों पर है जिसके लिये हमारे मुक्केबाजों का फाइनल में पहुंचना जरूरी है। भारतीय पुरूष टीम पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में मिली नाकामी का गम दूर करना चाहेगी जहां 12 साल में पहली बार एक भी भारतीय पुरूष मुक्केबाज पदक नहीं जीत सका था। भारत के कोचिंग ढांचे में भी बदलाव हुआ है और तीसरी बार सी ए कुटप्पा मुख्य कोच के रूप में लौटे हैं। भारतीय पुरूष टीम की उम्मीदों का दारोमदार विश्व कप पदक विजेता जादूमणि सिंह (55 किलो) और सचिन सिवाच ( 60 किलो ) पर रहेगा।



# दिल्ली-एनसीआर में जनवरी-मार्च में आवास बिक्री में तिमाही आधार पर 17 प्रतिशत की गिरावट: एनारॉक

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण नकारात्मक धारणा के चलते जनवरी-मार्च की अवधि में दिल्ली-एनसीआर में घरों की बिक्री तिमाही आधार पर 17 प्रतिशत घटकर लगभग 16,000 इकाई रह गई। रियल एस्टेट क्षेत्र की परामर्श कंपनी एनारॉक ने यह जानकारी दी। हालांकि, सालाना आधार पर मांग में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसका कारण पिछले साल का निचला आधार प्रभाव है। एनारॉक के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में जनवरी-मार्च की मौजूदा अवधि के दौरान घरों की बिक्री 15,985 इकाई रही, जो इससे पिछली तिमाही के 19,250 इकाई की तुलना में 17 प्रतिशत कम है। दिल्ली-एनसीआर में बिक्री पिछले वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 11,120 इकाई की तुलना में 44 प्रतिशत बढ़ी है। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि भारत के आवास क्षेत्र के दीर्घकालिक बुनियादी सिद्धांत मजबूत बने हुए हैं, लेकिन ईरान युद्ध के अल्पकालिक प्रभाव पहली तिमाही में स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च के दौरान शीर्ष सात शहरों में घरों की बिक्री सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़ी, जबकि पश्चिम एशिया संकट की वजह से बिक्री में सात प्रतिशत की गिरावट आई। तिमाही के दौरान इन सात शहरों में घरों की बिक्री बढ़कर 1,01,615 इकाई रही। एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 93,280 इकाई का था। मूल्य के लिहाज से जनवरी-मार्च में घरों की बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 1.51 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 1.42 लाख करोड़ रुपये थी। सात प्रमुख शहरों में मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, चेन्नई और कोलकाता आते हैं।



## एनएसई 13 अप्रैल से दिनांकित ब्रेंट कच्चा तेल वायदा अनुबंध शुरू करेगा

नयी दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 13 अप्रैल से दिनांकित ब्रेंट कच्चे तेल (प्लैट्स) का वायदा कारोबार शुरू करेगा। इससे एक्सचेंज के वैश्विक तेल बेंचमार्क से जुड़े जिंस वायदा पेशकश का विस्तार होगा। यह अनुबंध, एसएंडपी ग्लोबल एनर्जी (प्लैट्स) दिनांकित ब्रेंट मूल्यांकन पर आधारित होगा, और इसका कारोबार 'बीआरक्रूडऑयल' के रूप में किया जाएगा। एनएसई ने एक परिपत्र में कहा, ''एक्सचेंज अपने सदस्यों को यह सूचित करते हुए खुशी महसूस कर रहा है कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिलने के बाद वह 13 अप्रैल से दिनांकित ब्रेंट कच्चा तेल (प्लैट्स) वायदा अनुबंध शुरू करने जा रहा है। इस अनुबंध को पेश करने का उद्देश्य बाजार प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल बेंचमार्क के अनुरूप हेजिंग के लिए माध्यम उपलब्ध कराना है।

# पश्चिम एशिया संकट पर सरकार की प्रतिक्रिया संतुलित और भरोसेमंद : सीआईआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट से पैदा हुई समस्याओं पर सरकार की तेज, समन्वित और संतुलित प्रतिक्रिया की सराहना की। साथ ही, उद्योग मंडल ने भारत के उद्योग जगत के लिए 12-सूत्रीय योजना भी पेश की, ताकि सरकार के प्रयासों को और मजबूत किया जा सके। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि हालांकि नीतिगत प्रतिक्रिया ने तात्कालिक जोखिमों को कम कर दिया है, लेकिन बदलती स्थिति के लिए सरकार और उद्योग के बीच निरंतर समन्वय की आवश्यकता है। बनर्जी ने कहा, ''नीतिगत दृष्टिकोण ने उत्पादन की निरंतरता बनाए रखने और व्यवहार्य उद्यमों का समर्थन करने पर सही ढंग से ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा, ''अगले चरण में उद्योग को व्यावहारिक और जिम्मेदार कार्यों के साथ इस नींव पर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। बनर्जी ने जोर देकर कहा कि सरकार की प्रतिक्रिया समय पर, संतुलित और भरोसेमंद रही है। यह सरकार के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुचारू रखना, निर्यातकों का समर्थन करना, परिवारों की सुरक्षा करना और व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखना है। उद्योग जगत सरकार की इस पहल के उद्देश्य और क्रियान्वयन दोनों की सराहना करता है। उन्होंने कहा, ''इन उपायों ने मुद्रास्फीति के दबाव को नियंत्रित करने, औद्योगिक गतिविधियों को बनाए रखने और वैश्विक अनिश्चितता के समय में भरोसे को कायम रखने में मदद की है, साथ ही साथ विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका को भी समर्थन दिया है। सीआईआई ने कहा कि वर्तमान स्थिति एक आपूर्ति संबंधी बाधा है, जो ऊर्जा की कीमतों, लॉजिस्टिक और कामकाजी पूंजी पर दबाव डाल रही है।

## जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की 2026 में जीवन, साधारण बीमा कारोबार क्षेत्र में उतरने की योजना

मुंबई। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज (जेएफएस) इस साल साधारण बीमा और जीवन बीमा कारोबार क्षेत्र में उतरने की योजना बना रही है। कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी की बिना गारंटी वाले ऋण और टिकाह उपभोक्ता सामान (जैसे टीवी, फ्रिज आदि) के ऋण बाजार में तत्काल उतरने की कोई योजना नहीं है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी और प्रबंध निदेशक हितेश सेठिया ने कहा, ''हम 2026 में बीमा व्यवसाय शुरू करने की उम्मीद कर रहे हैं, बशर्ते कि सभी नियामकीय मंजूरियां मिल जाएं। उन्होंने बताया कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज अपनी समान संयुक्त उद्यम साझेदार कंपनी आलियांज के साथ मिलकर साधारण और जीवन बीमा कारोबार क्षेत्र में काम करेगी।

# ईरान युद्ध और घरेलू आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले कुछ सप्ताह से जारी गिरावट के बीच आने वाले सप्ताह में एक बार फिर निवेशकों की नजर ईरान युद्ध की स्थिति पर रहेगी। इसके अलावा, आने वाले सप्ताह में कुछ प्रमुख आंकड़े भी आने वाले हैं। सोमवार 30 मार्च को फरवरी के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी होने हैं। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद की तस्वीर बताने वाला मार्च का पहला वृहत आंकड़ा विनिर्माण पीएमआई का होगा जो 02 अप्रैल को जारी होगा। वाहनों की बिक्री के कंपनियों के अलग-अलग आंकड़े भी 01 और 02 अप्रैल को जारी किये जायेंगे। इन सभी कारकों का असर शेयर बाजारों पर दिखेगा। बीते सप्ताह गुरुवार को रामनवमी के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। सोमवार और शुक्रवार को बड़ी गिरावट रही जबकि मंगलवार और बुधवार को लिवाली को जोर रहा। बीएसई का सेंसेक्स पिछले सप्ताह 949.74 अंक (1.27 प्रतिशत) लुढ़ककर शुक्रवार को 73,583.22 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी इस दौरान 294.90 अंक यानी 1.27 प्रतिशत टूटकर 22,819.60 अंक पर आ गया। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.13 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयरों में साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गयी। बीईएल का शेयर सबसे अधिक पांच फीसदी टूटा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का 4.69 प्रतिशत, ट्रेंट का 4.64, भारतीय स्टेट बैंक का 3.62, एचडीएफसी बैंक का 3.10, टाइटन का 3.09 और अडानी पोर्ट्स का 2.01 प्रतिशत फिसल गया। टाटा स्टील का शेयर 1.75 प्रतिशत, आईटीसी का 1.72, मारुति सुजुकी का 1.70, एनटीपीसी का 1.29 और इंडिगो का 1.16 प्रतिशत गिर गया। आईसीआईसीआई बैंक, बजाज, फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनीलिवर, कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल और टीसीएस के शेयर भी नीचे बंद हुए। एलएंडटी में सबसे अधिक 3.82 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गयी।



## संक्षिप्त समाचार

### गेंदबाजी खराब रही, हमने देवदत्त, कोहली को रन बनाने के मौके दिये : सनराइजर्स कोच विटोरी

**बेंगलुरू।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ अपनी टीम की गेंदबाजी को खराब बातते हुए कहा कि गेंदबाजों ने आईपीएल के पहले मैच में विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल को रन बनाने के काफी मौके दिये। सनराइजर्स ने सत्र के पहले मैच में नौ विकेट पर 201 रन बनाये लेकिन आरसीबी ने लक्ष्य 15.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। विटोरी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,''आपको गेंदबाजी से अच्छी शुरूआत की जरूरत थी जो फिल साल्ट का विकेट लेकर की भी , लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। हमने अनुशासित गेंदबाजी नहीं की। विराट और पडिक्कल को रन बनाने के काफी मौके दिये जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सनराइजर्स ने देखा कि आरसीबी के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने कैसे गेंदबाजी की लेकिन उनके गेंदबाज रणनीति पर अमल नहीं कर पाये। उन्होंने कहा ,'' हमने आरसीबी की गेंदबाजी से काफी कुछ सीखा लेकिन उस पर अमल नहीं कर सके। आईपीएल में हर मैच काफी अहम होता है, खासकर शुरूआती मैच। ऐसे में कोताही नहीं बरती जा सकती।

### पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं मैरी कॉम

**नयी दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और छह बार की विश्व चैम्पियन भारतीय मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम ने रविवार को कहा कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी 43 वर्ष की मैरी कॉम ने कहा कि अमैच्योर सर्किट पर खेलने के लिये अब उनकी उम्र निकल चुकी है। उन्होंने 'संडे आन साइकिल्स' कार्यक्रम से इतर कहा ,'' छह विश्व चैम्पियनशिप जीतना खास रहा। अब मैं उस उम्र में हूं कि देश के लिये अमैच्योर सर्किट पर नहीं खेल सकती। पेशेवर मुक्केबाजी एक नया मौका हो सकता है। उन्होंने कहा ,'' अभी इस बारे में सोच रही हूं। मैं कड़ी मेहनत करके वापसी की कोशिश में हूं ताकि लोगों को बता सकूं कि मैं क्या कर सकती हूं। उन्होंने कहा ,'' मैं निजी तौर पर अपनी अकादमी से भी जुड़ी हूं। मैं मणिपुर आती जाती रहती हूं। कई बार मणिपुर के मौजूदा हालात के कारण मुश्किल हो जाती है लेकिन मैं जब नहीं जा पाती हूं तो भी फोन कॉल से अकादमी का कामकाज देखती हूं।

### ईंधन कर ढांचे में बदलाव के बाद रिलायंस एसईजेड के निर्यात पर शुल्क को लेकर असमंजस : विश्लेषक

**नयी दिल्ली।** भारत द्वारा ईंधन कर ढांचे में बड़े बदलाव के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज की एसईजेड (विशेष आर्थिक क्षेत्र) रिफाइनरी से डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर को लेकर असमंजस की स्थिति कायम है। विश्लेषकों ने यह बात कही है। गत 26 मार्च से लागू इस संशोधित रूपरेखा के तहत भारत ने डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर 29.50 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया है, जबकि पेट्रोल को इससे छूट दी गई है। इसके साथ ही सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। ब्रिटेन की इन्वेस्टेक ने एक नोट में कहा कि यह अभी साफ नहीं है कि रिलायंस की एसईजेड रिफाइनरी से निर्यात, जिसका भारत के रिफाइनिंग उत्पाद निर्यात में बड़ा हिस्सा है, को छूट मिलती रहेगी या नहीं। वर्ष 2022 की अप्रत्याशित लाभ कर प्रणाली के तहत यह छूट दी जा रही थी। रिलायंस के पास गुजरात के जामनगर में दो रिफाइनरी का स्वामित्व है। इनमें से एक 3.3 करोड़ टन सालाना क्षमता की रिफाइनरी घरेलू बाजार की जरूरत को पूरा करती है, जबकि एक अन्य 3.52 करोड़ टन क्षमता की रिफाइनरी सिर्फ निर्यात वाली एसईजेड इकाई है। अगर एसईजेड निर्यात पर छूट कायम रहती है, तो रिलायंस के रिफाइनिंग मार्जिन नए शुल्क से काफी हद तक सुरक्षित रहेंगे, जिससे उसकी निर्यात आधारित परिचालन क्षमता की प्रतिस्पर्धी क्षमता बनी रहेगी। इसके उलट, निर्यात शुल्क के दायरे में आने से डीजल और एटीएफ के निर्यात पर मार्जिन में काफी कमी आएगी। सिटी रिसर्च ने एक अलग नोट में कहा कि शुल्क में बदलाव पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को राहत देने वाला है, जबकि इससे रिलायंस के लिए रिफाइनिंग में बढ़ोतरी की संभावना सीमित हो जाती है। सिटी ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल और उत्पादों की कीमतों में उतार-चढ़ाव के अलावा, आगे चलकर अप्रैल में होने वाले पांच राज्यों के चुनावों के बाद ईंधन की खुदरा कीमतों पर नजर रखने की जरूरत है। सिटी ने कहा, ''हमारा अनुमान है कि इससे पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लिए कुल विपणन नुकसान पेट्रोल और डीजल पर 35-40 रुपये प्रति लीटर से घटकर 19-23 रुपये प्रति लीटर रह जाएगा। सिटी ने कहा कि निर्यात कर डीजल पर 36 डॉलर प्रति बैरल और जेट ईंधन पर 50 डॉलर प्रति बैरल के बराबर हैं।

### उपभोक्ता आयोग का ओला इलेक्ट्रिक को ग्राहक का खराब स्कूटर बदलने या पैसा लौटाने का निर्देश

**मुंबई।** ठाणे के एक उपभोक्ता आयोग ने ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज को खराब इलेक्ट्रिक स्कूटर बदलने या पूरा पैसा ग्राहक को लौटाने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि यह कंपनी की ओर से 'गंभीर खामी' का मामला है। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (अतिरिक्त ठाणे) ने हाल ही के एक आदेश में कहा कि बेंगलुरु की यह विनिर्माता कंपनी 'अनुचित व्यापार व्यवहार' में शामिल है। आयोग ने कहा कि मामले को देखने पर पता चलता है कि उपयुक्त वाहन सही स्थिति में नहीं था और इसमें कई तरह की खामियां थीं। आयोग ने कहा, ''शिकायत करने वाले को सही सेवा देकर समस्याओं को ठीक करना बहुत जरूरी था। उसने कहा, ''सेवा को लेकर आवश्यक जानकारी नहीं देना और वाहन से खराबी को दूर नहीं करना 'खामी' का मामला है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भारत हर संकट का सामना करने में सक्षम: गणेश केसरवानी

- 'मन की बात' राष्ट्र के पुरुषार्थ जाग्रत का वैचारिक दर्शन : गणेश
- भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। महापौर गणेश केसरवानी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात में अपनी नहीं विकसित भारत की उड़ान भरने का संदेश देते हैं और अपने विचारों से राष्ट्र का पुरुषार्थ जाग्रत करने का वैचारिक दर्शन जन-जन तक पहुंचाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 132वें मन की बात संस्करण का आयोजन महापौर कैंप कार्यालय में किया गया। जिसमें भाजपा और विचार परिवार के कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को श्रवण किया। तत्पश्चात महापौर ने कहा कि देश के नागरिकों द्वारा किए गए राष्ट्र हित के कार्यों की चर्चा करते हुए उनका उत्साहवर्धन कर देश की प्रगति के लिए उसके कार्य को विकसित भारत के लिए उपयोगी सिद्ध करते हैं। उन्होंने कहा कि मन की बात जन संवाद का एक बहुत बड़ा हिस्सा बन चुका है। महापौर ने आगे कहा कि, आज युद्ध के संकट की घड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में भारत आज हर संकट का सामना करने में सक्षम है। और लड़ना जानता है और विपक्ष इस सकंट की घड़ी में भ्रम फैला कर सत्ता प्राप्त करने का जो ख्वाब देख रहा है उनके मंसूबे कामयाब नहीं होने वाले हैं। क्योंकि पूरा देश बड़े विश्वास के साथ मोदी जी के साथ खड़ा है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी, पूर्व उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, पार्षद मुकेश कसेरा, बब्बन प्रजापति, रुद्रसेन जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात राष्ट्र के लिए कार्य करने का प्रेरणा प्रदान करता है। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम का सरल एप अपलोड किया। संचालन टी एन दीक्षित ने किया। इस अवसर पर तपन भट्चार्य हिमालय सोनकर, अर्चना वर्मा, नरेंद्र जायसवाल, राजा मेहरोत्रा, नीरज केसरवानी, अशोक गुप्ता, कुलदीप आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ने मन की बात में दिया एकजुटता का संदेश : शशांक मणि

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



देवरिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम का रविवार को 132वें एपिसोड को संबोधित किया। जिसे सदर सांसद शशांक मणि ने देवरिया नगर के श्रीराम शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 272 पर कार्यकर्ताओं के साथ सुना। शशांक मणि ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम हमें देश के प्रति अपने उत्तरदायित्वों प्रति सजग करता है तथा सभी देशवासियों को एकजुट होकर मुश्किल से मुश्किल घड़ी में भी लड़ने का साहस देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को ले कर गहरी चिंता व्यक्त की है और कहा है कि देश मिलकर इन चुनौतियों से बाहर निकलकर आएगा। हम सभी को प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व और भाजपा सरकार पर पूरा भरोसा है कि कोरोना की तरह ही आए इस वैश्विक संकट से उबर कर बाहर निकलेंगे। इस दौरान नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक डॉक्टर ब्रह्मा सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक दिनेश तिवारी, बूथ अध्यक्ष दुष्यंत सिंह, कौशलेंद्र पांडे, रमेश मणि, संतोष मणि, रामजीत शर्मा, रंजीत शर्मा, देवेश सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, पुष्पा मिश्रा, डॉक्टर प्रवीण मिश्रा, संजय भाटिया, रमेश गौड, संजय श्रीवास्तव, सुधीर शुक्ला, सुधांशु शर्मा, केशव राय, रोहित राय उपस्थित रहे।

## मीरजापुर में जन संवाद में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

**मीरजापुर।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन-उर्वरक) अनुप्रिया पटेल ने रविवार को सरदार पटेल चौराहा स्थित सांसद जनसंपर्क कार्यालय में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों व एनडीए पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। केंद्रीय मंत्री ने एक-एक कर लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से हल किया जाए।

# देवरिया में 'मिशन शक्ति फ़ेज-5.0' के तहत 'बहू-बेटी अभियान' में किया जागरूक



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

देवरिया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलम्बन और सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति फ़ेज-5.0' के द्वितीय चरण के अंतर्गत रविवार को विशेष पहल ‟बहू-बेटी अभियान” व्यापक स्तर पर चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में आयोजित किया गया। अभियान के तहत विभिन्न थानों की मिशन शक्ति टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। थाना रामपुर कारखाना की टीम ने धूस मोहल्ला, थाना तरकुलवा ने ग्राम बाराईपट्टी, थाना बघौचघाट ने ग्राम मलवाबर बनरही, थाना रूद्रपुर ने ग्राम तारासारा, थाना मदनपुर ने ग्राम मलपुरवा, थाना एकौना ने माझा नारायण, थाना सलेमपुर ने धनपुरवा, थाना लार ने धंधावार, थाना श्रीरामपुर ने नवादा और थाना बरहज की टीम ने श्रीराम घाट पर अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रमों के दौरान परित्यक्ता, विधवा, तलाकशुदा एवं जरूरतमंद महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और आत्मनिर्भर बनने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध जैसी समस्याओं के प्रति सतर्क रहने और उनसे बचाव के उपाय भी बताए गए। मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबर-112, 181, 1090, 102, 1076, 1098, 108 और 1930 की जानकारी दी। इसके अलावा निराश्रित महिला पेंशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पंपलेट भी वितरित किए गए। पुलिस अधिक्षक संजीव सुमन ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक कर ,उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और समाज में सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करना है।

# मिशन शक्ति के तहत मैराथन दौड़, नारी सुरक्षा-सम्मान का दिया संदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मीरजापुर। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रविवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में मीरजापुर पुलिस ने मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ रमईपट्टी चौराहा से शुरू होकर पुलिस लाइन में समाप्त हुई। कार्यक्रम में महिला आरक्षियों के साथ महिला उपनिरीक्षक व निरीक्षक भी शामिल हुईं और प्रतिभागियों के साथ दौड़ लगाई। मैराथन का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, उनके अधिकारों व सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाना। ‟नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन” का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा। पुलिस विभाग की इस पहल को मिशन शक्ति के उद्देश्यों की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक, महिला थाना प्रभारी, महिला सम्मान प्रकोष्ठ प्रभारी, प्रभारी डायल-112, प्रभारी यातायात सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह सम्पादक**
डा. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
राधेश्याम मिश्रा आईएएस (रि)
विवेक वार्ष्णेय आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# धनुषभंग लीला व परशुराम-लक्ष्मण संवाद देखने को भोर तक डटे रहे दर्शक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद अजीतमल तहसील क्षेत्र के ग्राम शाहपुर तुमरिहा में बीते 50 वर्षों से पारम्परिक रामलीला के आयोजन में दो दिवसीय आयोजित श्रीरामलीला के दौरान धनुषभंग लीला तथा परशुरामऽलक्ष्मण संवाद का भव्य मंचन किया गया। कार्यक्रम को देखने के लिए श्रद्धालु देर रात से लेकर भोर तक डटे रहे। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग किए जाने के प्रसंग को जीवंत कर दिया, जिससे पूरा पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। इसके बाद परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुआ संवाद दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। लक्ष्मण जी की ओजपूर्ण वाणी और परशुराम जी के तेजस्वी रूप का कलाकारों ने प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया जिसमे राम के रूप में गुंजनरामजी, लक्ष्मण के मंचन के रूप में रमाकांत त्रिपाठी, परशुराम के रूप में अनिल दुबे, जनक के रूप में चंद्रकंात भदौरिया, रावण विश्वनाथ, वाणासुर रामपाल, हास्य मनोरंजन में पंकज टकोरा, निशा, कामिनी आदि ने लोगों को भोर सुबह तक पंडाल में डटे रहने को मजबूर किया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों में गजेंद्र सिंह, शिववीर सिंह, उपेंद्र सिंह, राघवेंद्र, सोनू, रविन्द्र सिंह, जयपाल, हरिओम, विजयपाल, सुरेंद्र, हरेंद्र सिंह ने बताया कि रामलीला के माध्यम से समाज में धर्म, मर्यादा और आदर्श जीवन मूल्यों का संदेश दिया जा रहा है। साथ ही कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और सभी ने लीला की सराहना की।

# मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचें, खेलकूद और पढ़ाई में संतुलन से निखरेगा भविष्य: अनुप्रिया पटेल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मीरजापुर। लहगंपुर क्षेत्र के राजापुर स्थित संत आत्माराम पब्लिक स्कूल में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने बच्चों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने और पढ़ाई के साथ खेलकूद को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में केंद्रीयमंत्री से छात्रों ने बेझिझक सवाल पूछे, जिनमें मोबाइल का उपयोग प्रमुख रहा। इस पर उन्होंने कहा कि अभिभावकों की सलाह मानना और समय का सही उपयोग करना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बच्चों को खेल मैदान में सक्रिय रहने और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने की प्रेरणा दी, जिससे शारीरिक और मानसिक दोनों तरह का विकास हो सके। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामूहिक सोच, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का केंद्र भी है। पढ़ाई के साथ खेल व अन्य गतिविधियों में भागीदारी से व्यक्तित्व का समग्र विकास संभव है। विधायक रिंकी कोल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में अपार प्रतिभा है, जो निरंतर निखर रही है। उन्होंने छात्राओं की प्रगति को सराहनीय बताते हुए उन्हें आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य राजकुमार पटेल ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव रमाशंकर पटेल, रमाकांत पटेल, लाल बहादुर पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह यादव, सुरेंद्र पटेल सहित शिक्षक व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रयागराज की खेलो इंडिया महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स स्टेडियम विजेता, इविवि की टीम बनी उपविजेता

- पतंजलि ऋषिकुल की टीम को मिला तीसरा स्थान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में तेलियरगंज स्थित पतंजलि ऋषिकुल स्कूल में डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय ''अस्मिता खेलो इंडिया महिला प्रयागराज वॉलीबाल लीग'' रविवार को भी सम्पन्न हुई। जिसमें मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय की टीम को 25-21, 19-25 व 25-23 अंकों से हराकर प्रयागराज महिला वॉलीबाल की चैम्पियनशिप ट्रॉफी पर अपना कब्जा कर लिया। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने प्रतिभाग कर अपने खेल का प्रदर्शन किया। खेलो इंडिया महिला प्रयागराज लीग का फाइनल मुकाबला इलाहाबाद विश्वविद्यालय और मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम के बीच खेला गया। इसके पूर्व खेले गए प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मैच में इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने केंद्रीय विद्यालय इफको फूलपुर को 25-21 व 25-18 अंकों से तथा दूसरे सेमीफाइनल मैच में मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम ने पंतजलि ऋषिकुल तेलियरगंज को 25-16 व 25-18 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। फाइनल मैच के पूर्व प्रतियोगिता का हार्डलाइन मैच पतंजलि ऋषिकुल और केंद्रीय विद्यालय इफको फूलपुर के बीच खेला गया, जिसमें पतंजलि ऋषिकुल ने केंद्रीय विद्यालय इफको फूलपुर को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी जॉर्डन.एच.नाथ की अध्यक्षता में हुई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी ने फाइनल मैच शुरू होने से पूर्व दोंनो टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक करछना आंनद कुमार उर्फ कलेक्टर पांडेय ने विजेता टीम मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम को चैम्पियन शील्ड व मेडल तथा उपविजेता टीम इलाहाबाद विश्वविद्यालय की टीम को शील्ड व मेडल और निर्णायकों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रतियोगिता के संयोजक नित्यानंद सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया। डीवीए के कोषाध्यक्ष के. बी. एल. श्रीवास्तव ने अतिथियों का बैच व माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रतियोगिता के दौरान नेशनल रेफरी अल्ताफ अली व फूलचंद गुप्ता के साथ मुकेश शुक्ला, अकंात गुप्ता, निहारिका यादव, संतोष कुमार, धन्नजय राय व आर.पी.राय ने निर्णायक की भूमिका अदा की। कार्यक्रम का संचालन श्रती मलाकार व बालकृष्ण ने किया। उक्त अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव डॉ.कीर्तिका अग्रवाल, एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विजया सिंह, प्रधानाचार्या विभा श्रीवास्तव, अरुण सचान, रामनरेश शुक्ला, प्रभाकर चौबे, राजेश वर्मा, राजू पाल, अर्पित द्विवेदी, सौरभ अग्रवाल, प्रवीण पांडेय, चाँदनी वर्मा, नृपजीत सिंह सचान, भैयाराम यादव, अनुपमा द्विवेदी, आनंद फौजी, आशीष कनौजिया, जयेन्द्र प्रताप सिंह, विद्यालय के खेल प्रभारी सुमित यादव, सुचित्रा पांडेय व खुशबु गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# वाराणसी शिवपुर में अधेड़ महिला ने अपार्टमेंट के सातवीं मंजिल से कूद कर दी जान

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी शिवपुर थानाक्षेत्र के केन्द्रीय कारागार रोड स्थित अवध अपार्टमेंट के सातवीं मंजिल से रविवार को बंदोबस्त अधिकारी की पत्नी ने छलांग लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पाकर शिवपुर पुलिस के साथ अफसर भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार सेंट्रल जेल मार्ग पर स्थित अवध अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल के एक फ्लैट में सुल्तानपुर जिले में तैनात चकबंदी विभाग के बंदोबस्त अधिकारी पंकज कुमार परिवार व बच्चों के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी सीमा सिन्हा (50) इन दिनों डिप्रेशन की शिकार थी। उनका इलाज शिवपुर क्षेत्र के एक चिकित्सक के यहां चल रहा था। सीमा सिन्हा तड़के अपने कमरे के रेलिंग को फांदकर नीचे कूद गई। महिला को जमीन पर गिरा देख कर गार्ड ने शोर मचाया। आनन-फानन में वहां जुटे लोगों ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी नीचे आए और पुलिस को सूचना दी। पूछताछ में मृत महिला के पति पंकज कुमार ने बताया कि पिछले कई वर्षों से सीमा का डिप्रेशन का इलाज चल रहा था। शिवपुर थाना प्रभारी के अनुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# देवरिया: पुलिस ने तीन चोरों को किया गिरफ्तार आठ बाइक बरामद



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

देवरिया। कोतवाली और एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने रविवार को वाहन चोरी की तीन घटनाओं का सफल अनावरण किया है। पुलिस ने इस दौरान आठ चोरी की मोटरसाइकिल, एक अवैध देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने एक सूचना पर सिंचाई विभाग चौराहे के पास से दो अभियुक्त नागेंद्र गौड़ और नितेश कुमार को गिरफ्तार कियाा। उनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद हुईं, जिनमें एक पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। नागेंद्र के पास से एक अवैध 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने अपने साथी बिट्टू कुमार के साथ मिलकर वाहन चोरी करने की बात कबूल की। उन्होंने बताया कि चोरी के बाद वे वाहनों के नंबर प्लेट बदलकर उन्हें छिपा देते थे और मौका मिलते ही बेच देते थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उनकी निशानदेही पर तीसरे अभियुक्त बिट्टू कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 6 अन्य चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गईं। बरामद सभी वाहनों के संबंध में थाना कोतवाली में विभिन्न मुकदमे पहले से दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि इस पूरी कार्रवाई के तहत पुलिस ने 8 मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा और एक कारतूस बरामद किया है। आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।